

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorcha.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 57 गुरूवार 09 अप्रैल 2026 बैशाख कृष्ण सप्तमी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया




## वार अपडेट



### आंकड़ों में अमेरिका-ईरान की जंग: 3500 से ज्यादा मौतें, 12 देश पर हमले, जानें युद्ध में किसे-कितना नुकसान

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच करीब 40 दिन से जारी युद्ध को 8 अप्रैल (भारतीय समयानुसार) को रोकने पर सहमति बनी है। इस बीच युद्ध में न सिर्फ हजारों लोगों की जान जा चुकी है, बल्कि पूरी अमेरिका समेत पूरी दुनिया आर्थिक स्थितियां भी बदली हैं।

अमेरिका और इस्राइल की तरफ से 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमले शुरू किए गए थे। करीब 40 दिन बाद दोनों युद्ध विराम हो गया है। अमेरिका-इस्राइल के हमलों में ईरान से लेकर लेबनान तक हजारों की संख्या में लोगों की मौत हुई है तो वहीं ईरान के पलटवार में यूएई से सऊदी अरब तक जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा इस युद्ध का आर्थिक असर भी पूरी दुनिया में देखने को मिला है, फिर चाहे कच्चे तेल के बढ़ते दाम हों या शेयर बाजारों में गिरावट की स्थिति।

### वैश्विक खाद्य संकट और महंगाई



होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही रुकने के कारण दुनिया भर में ईंधन और उर्वरकों खासकर यूरिया और लिक्विफाइड नेचुरल गैस की आपूर्ति बाधित हुई। इसके चलते वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### हथियारों का नुकसान

जहां अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर जबरदस्त हमले किए हैं, वहीं ईरान ने भी जवाब में इस्राइल समेत 11 देशों को निशाना बनाया है। एक तरह से देखा जाए तो इस युद्ध में कुल 12 देश निशाना बने हैं। इसके अलावा अमेरिका के सैन्य ठिकानों को भी तबाह किया गया है।

### वैश्विक बाजार पर पड़ेगा गहरा असर

जानकारों का मानना है कि ट्रंप के इस 50% टैरिफ वाले फैसले से वैश्विक व्यापार में हड़कंप मच सकता है। चीन और रूस जैसे देश ईरान के करीबी रहे हैं, उनके लिए अब अमेरिका के साथ व्यापार करना बड़ी चुनौती बन सकता है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने किन-किन देशों के खिलाफ 50 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# धर्म में अंधविश्वास क्या है, इसका फैसला करने का हमें अधिकार; सरकार का विरोध

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** सबरीमाला मंदिर मामले से जुड़ी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह महत्वपूर्ण अवलोकन किया कि किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास है, यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र रखता है। यह टिप्पणी केंद्र सरकार के उस तर्क के जवाब में आई जिसमें कहा गया था कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत इस मुद्दे पर फैसला नहीं कर सकती क्योंकि न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं, धर्म के नहीं।

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट अब धर्म के भीतर अंधविश्वास की परिभाषा तय करने के अधिकार क्षेत्र पर विचार कर रहा है। बुधवार को एक नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण अवलोकन किया कि किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास है, यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र रखता है।

यह टिप्पणी केंद्र सरकार की उस दलील के जवाब में आई, जिसमें सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत इस मुद्दे पर फैसला नहीं कर सकती, क्योंकि न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं, न कि धर्म के। मेहता ने तर्क दिया कि यदि कोई प्रथा अंधविश्वास



मानी भी जाती है, तो यह तय करना अदालत का काम नहीं है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 25(2)(बी) के तहत विधायिका का काम है कि वह सुधार कानून बनाए। उन्होंने कहा कि विधायिका किसी विशेष प्रथा को अंधविश्वास बताकर उसमें सुधार कर सकती है, जैसा कि जादू-टोना और अन्य ऐसी प्रथाओं को रोकने के लिए कई कानून बनाए गए हैं।

हालांकि, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने मेहता के इस तर्क को बहुत सरल बताते हुए कहा कि अदालत के पास यह तय करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र है कि कोई चीज अंधविश्वास है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बाद क्या होगा, यह विधायिका का काम है, लेकिन अदालत में यह नहीं कहा जा सकता कि विधायिका का निर्णय ही अंतिम होगा।

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने यह भी तर्क दिया कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत यह तय नहीं कर सकती कि कोई धार्मिक प्रथा केवल अंधविश्वास है, क्योंकि अदालत के पास ऐसी विद्वत्तापूर्ण क्षमता नहीं हो सकती। उन्होंने कहा आप (न्यायाधीश) कानून के क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, धर्म के नहीं। मेहता ने यह भी कहा कि नागालैंड के लिए जो धार्मिक हो सकता है, वह किसी और के लिए अंधविश्वास हो सकता है, क्योंकि समाज अत्यंत विविध है।

इस पर न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि यदि जादू-टोना को धार्मिक प्रथा का हिस्सा माना जाए, तो क्या उसे अंधविश्वास नहीं माना जाएगा? उन्होंने मेहता से पूछा कि यदि अदालत के पास अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिका आती है कि जादू-टोना की एक धार्मिक प्रथा मौजूद है, और विधायिका खामोश है, तो क्या अदालत खाली क्षेत्र के सिद्धांत का उपयोग करके स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ऐसी प्रथा को प्रतिबंधित करने का निर्देश नहीं दे सकती? सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिया कि न्यायिक समीक्षा की जा सकती है क्योंकि यह स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के अंतर्गत आता है, न कि इसलिए कि यह अंधविश्वास है।

# संघर्षविराम के बाद बोले ट्रंप- यूरेनियम संवर्धन पर रहेगी रोक, ईरान से टैरिफ-प्रतिबंधों पर होगी बात

**एजेंसी समाचार**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बड़ा एलान किया है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि जो भी देश ईरान को सैन्य हथियार या युद्ध सामग्री सप्लाई करेगा, उसे भारी आर्थिक नुकसान झेलना होगा। ट्रंप ने घोषणा की है कि ऐसे देशों से अमेरिका आने वाले हर सामान पर तुरंत प्रभाव से 50 फीसदी का आयात शुल्क, यानी की टैरिफ लगा दिया गया है। राष्ट्रपति ने साफ-साफ कहा कि इस फैसले में किसी भी देश को कोई छूट या रियायत नहीं दी जाएगी। हालांकि, इस बीच ट्रंप ने यह भी कहा है कि ईरान से टैरिफ प्रतिबंधों पर बातचीत की जाएगी।



राष्ट्रपति ट्रंप ने चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के तहत अब ईरान में यूरेनियम का संवर्धन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि हम ईरान के साथ मिलकर काम करेंगे और वहां जमीन के नीचे दबे हुए परमाणु मलबे को बाहर निकालकर नष्ट करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि ईरान के इन संवेदनशील ठिकानों पर अमेरिकी स्पेस फोर्स के जरिए उपग्रह से पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले हमलों के बाद से उन ठिकानों पर किसी भी चीज को छुआ तक नहीं गया है।

युद्ध के बाद अब शांति की ओर कदम बढ़ाते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच प्रतिबंधों में ढील देने पर चर्चा चल रही है। उन्होंने खुलासा किया कि दोनों पक्षों के बीच एक 15 सूत्रीय एजेंडा तैयार किया गया है, जिसमें से कई बिंदुओं पर सहमति भी बन चुकी है।

ईरान के खिलाफ ट्रंप का यह रुख दिखाता है कि वे तेहरान को आर्थिक रूप से पूरी दुनिया से अलग-थलग कर देना चाहते हैं, जिससे कोई भी बाहरी ताकत ईरान की सैन्य मदद न कर सके। वहीं दूसरी ओर, वे परमाणु खतरे को जड़ से खत्म करने की योजना पर काम कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश में कृषि क्रांति!

## बोले सीएम योगी- 9 वर्षों में विकास दर 8% से बढ़कर 18 प्रतिशत पहुंची

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पिछले नौ वर्षों के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की कृषि विकास दर आठ से बढ़कर 18 फीसदी हो जाने का दावा करते हुए बुधवार को कहा कि इसका पूरा श्रेय लगातार किए गए नीतिगत प्रयासों और संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल को जाता है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस 2026 का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि पिछले नौ वर्षों के दौरान राज्य की कृषि विकास दर लगभग आठ प्रतिशत से बढ़कर 18 फीसद हो गई है।



उन्होंने भारत की कृषि अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में देश की 16-17 प्रतिशत आबादी रहती है और यहां देश की लगभग 11 प्रतिशत खेती योग्य जमीन है, जो देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 21 प्रतिशत का योगदान देती है। आदित्यनाथ ने कहा, राज्य में सबसे उपजाऊ जमीन और भरपूर जल संसाधन हैं जिनका अगर प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए तो काफी अच्छे परिणाम हासिल किये जा सकते हैं।

इस तीन-दिवसीय उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस का आयोजन उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में किया गया है। इस वर्ष इस कांग्रेस का विषय विकसित कृषिझ्रविकसित भारत एट 2047 के लिए कृषि में बदलाव है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख और उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन (सेवानिवृत्त) विकास गुप्ता भी मौजूद थे।

### अमेरिका-ईरान युद्धविराम पर भारत ने दी प्रतिक्रिया, विदेश मंत्रालय बोला -

# संघर्ष विराम का स्वागत, संवाद-कूटनीति से समाधान पर जोर

**एजेंसी समाचार**

**दिल्ली।** भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच हुये युद्धविराम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे पश्चिम एशिया में स्थाई शांति स्थापित होगी। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर बुधवार को एक वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि भारत पहले से ही इस विवाद के संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर देता रहा है।



मंत्रालय ने कहा है, "हम संघर्ष विराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हम पहले भी लगातार कहते रहे हैं, तनाव में कमी, संवाद और कूटनीति ही संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए आवश्यक हैं। इस संघर्ष ने पहले ही लोगों को अत्यधिक कष्ट पहुँचाया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापारिक नेटवर्क को बाधित किया है।

हमें उम्मीद है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से नौवहन की निर्बाध स्वतंत्रता और वैश्विक व्यापार का प्रवाह बना रहेगा।" उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान ने बुधवार तड़के दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिका और इजरायल ने गत 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमलों की शुरूआत की थी।

ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में पश्चिम एशियाई देशों में अमेरिकी ठिकानों और इजरायल पर हमले किए थे। इन हमलों में जान और माल का व्यापक नुकसान हुआ है।

ईरान ने इन हमलों के विरोध में और होर्मुज जलडमरूमध्य से आने वाले तेल और गैस टैंकरों के संचालन को बाधित कर दिया था जिससे दुनिया भर में कच्चे तेल एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# बाराबंकी : पूर्व मंत्री मोहसिना के निधन से शोक की लहर

**एजेंसी समाचार**



**मसौली, बाराबंकी।** कस्बा बड़ागांव में जन्मी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन से क्षेत्र शोक में डूब गया। दिल्ली के एक निजी अस्पताल में कांग्रेस नेता ने अंतिम सांस ली। यह खबर सुनकर गांव वासियों, राजनीतिक दलों व शुभचिंतकों ने अपार दुख जताया। वर्ष 1932 में जन्मी मोहसिना किदवई वर्तमान में 93 साल की थीं। बड़ागांव में जन्म लेकर युवा होने पर वह कांग्रेस के रंग में ऐसा रंगीं कि आखिरी समय भी इस पार्टी में बीता। बाराबंकी से उनका खासा लगाव रहा, वह जब तक आकर पार्टी नेताओं व पुराने चेहरों से जरूर मिलती थीं। बता दें कि वह मेरठ की पहली और अब तक की अकेली महिला सांसद थीं। उन्होंने 1980 और 1984 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। 1980 में उन्होंने जनता पार्टी (सेक्युलर) के हरीश पाल को 57,217 वोटों से हराया, जबकि 1984 में लोकदल के मंजूर अहमद को 96,518 वोटों से पराजित किया। कांग्रेस की कद्दावर नेताओं में शुमार मोहसिना ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्र सरकार में कई अहम जिम्मेदारियां संभालीं। मोहसिना का राजनीतिक जीवन लंबा और प्रभावशाली रहा। प्रदेश स्तर से अपनी राजनीति की शुरूआत कर राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान बनाई। वह 2004 से 2010 और 2010 से 2016 तक राज्यसभा की सदस्य भी रहीं।

# दूध उत्पादन में प्रदेश को मिला पहला स्थान, 40 फीसदी की रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में करीब 40 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे यूपी ने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश का दुग्ध उत्पादन 277 लाख मीट्रिक टन था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 388 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। देश के कुल दुग्ध उत्पादन में पांच अग्रणी राज्यों की 54% हिस्सेदारी है, जिसमें अकेले यूपी का योगदान 16% तक पहुंच गया है। इस उपलब्धि में ग्रामीण महिलाओं की अहम भूमिका रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लाखों महिलाएं डेयरी गतिविधियों



से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। 31 जिलों में महिला समूह प्रतिदिन करीब 10 लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रहे हैं और अब तक करीब 5000 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुके हैं।

प्रदेश में पांच प्रमुख दुग्ध उत्पादक कंपनियों के माध्यम से करीब चार लाख महिला किसान जुड़ी हैं। इनमें बलिनी, काशी, सामर्थ्य, श्री बाबा गोरखनाथ कृपा और सृजन एमपीसीएल जैसे मॉडल शामिल हैं, जिन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दी है।

### यह वृद्धि योजनाबद्ध विकास, बेहतर प्रबंधन की देन: एसीएस

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार, यह वृद्धि योजनाबद्ध विकास, बेहतर प्रबंधन और जमीनी स्तर पर किए गए प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश की आर्थिक मजबूती को दर्शाती है, बल्कि महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास के नए मॉडल के रूप में भी उभर रही है।

# बंगाल में EC Vs TMC: बोलीं ममता बनर्जी- हम मतदाता सूची से नाम हटाने के विरोध में फिर से जाएंगे अदालत

**एजेंसी समाचार**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने का विरोध करने के लिए फिर से अदालत का रुख करेगी।

ममता बनर्जी की यह टिप्पणी राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पूरा होने पर लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाये जाने के बाद आयी है। बनर्जी ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कवायद को लेकर अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाकर आप तृणमूल कांग्रेस को नहीं हरा पाएंगे। नाम हटाने के विरोध में हम फिर से अदालत जाएंगे।

बनर्जी ने गत फरवरी में



उच्चतम न्यायालय में दलीलें दी थीं, जिसमें उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2025 में कुल 7.66 करोड़ मतदाता थे, जिनमें से 90.83 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जिससे पता चलता है कि मतदाताओं का नाम हटाने का अनुपात 11.85 प्रतिशत से अधिक है। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, "संविधान के अनुसार नामों को सूची में शामिल करवाने के लिए हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अगर लोग वोट नहीं डाल सकते, तो न्यायाधिकरण बनाने की क्या जरूरत है? और फिर आप कह रहे हैं कि सूची फ्रीज कर दी गई है। यह क्या है? हम इसे चुनौती देंगे और इसे समझने की कोशिश करेंगे। हुगली जिले के आरामबाग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने भाजपा पर मतदाता सूचियों में हेरफेर की कोशिश करने और मतदाताओं को लुभाने के लिए धन की पेशकश करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर लोगों को फोन पर धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। यह लोगों को फोन करके धमका रहा है और डरा रहा है।

# दिल्ली हाईवे किनारे बनेगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप, 126 हेक्टेयर जमीन चिन्हित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के औद्योगिक नक्शे को बदलने वाली बड़ी योजना को हरी झंडी मिल गई है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने दिल्ली हाईवे से सटे इलाके में नई औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे निवेश और रोजगार के नए दरवाजे खुलेंगे।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मणिकंडन ने बताया कि योजना के तहत तहसील बरेली के ग्राम रसूला चौधरी और तहसील मीरगंज के भिटौरा नौगंवा उर्फ फतेहगंज पश्चिमी, चिटौली और रहपुरा जागीर की कुल 126.3043 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। इस जमीन का क्रय भू-स्वामियों से आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा।

अध्यक्षता वाली क्रय निर्धारण समिति से पहले ही अनुमोदन मिल चुका है। इसके बाद 16 मार्च 2026 को हुई बीडीए बोर्ड बैठक में भी योजना को स्वीकृति दी गई। वहीं, 8 अप्रैल 2026 को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भी इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर अहम निर्णय लिया गया। परियोजना को तेजी से जमीन पर उतारने के लिए सरकार की ओर से बड़ा वित्तीय सपोर्ट दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए प्रोत्साहन योजना के तहत कुल भूमि क्रय लागत का 50 प्रतिशत सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे विकास कार्यों को तेजी मिलेगी।

यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप बरेली को औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। इससे न सिर्फ बड़े निवेश आकर्षित होंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर हजारों रोजगार के अवसर भी सृजित होने की उम्मीद है। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मणिकंडन ने बताया कि यह परियोजना बरेली के आर्थिक विकास को नई दिशा देगी। सरकार की नीति के अनुरूप तेजी से कार्य करते हुए इसे समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा, ताकि निवेशकों और युवाओं को इसका सीधा लाभ मिल सके।

15 फेरों तक चलेगी ग्रीष्मकालीन ट्रेन, ब्लॉक के चलते कई स्टेशनों से होकर परिवर्तित मार्ग पर संचालन

# गोमतीनगर-बांद्रा स्पेशल शुरू, मई तक बदला रहेगा रूट

- 11-12 मई तक डालीगंज-सीतापुर-मैलानी-इज्जतनगर रूट से चलेगी ट्रेन
- नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से अन्य ट्रेनों के मार्ग भी बदले

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** यात्रियों की सुविधा के लिए 05033/05034 गोमतीनगर-बांद्रा टर्मिनस-गोमतीनगर ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का संचालन तय किया गया है। यह ट्रेन गोमतीनगर से 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार और बांद्रा टर्मिनस से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को कुल 15 फेरों के लिए चलाई जाएगी।

सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज के बीच पुल पर ब्लॉक के कारण यह ट्रेन गोमतीनगर से 11 मई तक और बांद्रा टर्मिनस से 12 मई तक परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। इस दौरान ट्रेन डालीगंज-सीतापुर-मैलानी-इज्जतनगर-मथुरा जंक्शन के रास्ते चलेगी। रेलवे के इस फैसले से गर्मी के मौसम में लंबी दूरी के यात्रियों को राहत मिलेगी। साथ ही रूट डायवर्जन के कारण यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

## इस तरह रहेगा समय और स्टॉपेज

05033 गोमतीनगर-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन प्रत्येक सोमवार को गोमतीनगर से दोपहर 2 बजे रवाना होगी। रास्ते में बादशाहनगर, डालीगंज, सीतापुर, मैलानी, पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज और मथुरा जंक्शन होते हुए दूसरे दिन बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वहीं वापसी में 05034 बांद्रा टर्मिनस-गोमतीनगर विशेष ट्रेन मंगलवार रात 11 बजे बांद्रा टर्मिनस से चलकर बोरीवली, वापी, मथुरा जंक्शन, कासगंज, इज्जतनगर, पीलीभीत, मैलानी, सीतापुर और डालीगंज के रास्ते तीसरे दिन सुबह गोमतीनगर पहुंचेगी।

## अन्य ट्रेनों के मार्ग भी बदले

नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों के मार्ग में भी बदलाव किया गया है। 07075 हैदराबाद-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष ट्रेन 10 अप्रैल से 29 मई तक वर्धा-बडनेरा-नरखेर-इटारसी मार्ग से चलेगी। इसी तरह 07076 गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक विशेष ट्रेन 12 अप्रैल से 24 मई तक इटारसी-नरखेर-बडनेरा-वर्धा मार्ग से संचालित होगी। वहीं 05073 बेंगलूरू-लालकुआं साप्ताहिक विशेष ट्रेन 26 मई तक वर्धा-बडनेरा-नरखेर-इटारसी मार्ग से चलाई जाएगी।

# 50-50 हजार के इनामी दो आरोपी कोर्ट में सरेंडर, 14 दिन की न्यायिक हिरासत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जिले के चर्चित दोहरे हत्याकांड में बुधवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। फरार चल रहे दो आरोपियों ने नाटकीय ढंग से न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले आरोपी केशव और चंद्रशेखर हैं, जो मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के सगे भाई हैं। दोनों घटना के बाद से फरार चल रहे थे।

बुधवार को जेएम प्रथम सौम्या अरुण की कोर्ट में वकील के माध्यम से आवेदन देने के बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे दोनों ने सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में 12 मार्च को दिनदहाड़े दो अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह ने पहले ही थाने में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद कंपनी के कर्मचारी धर्मेंद्र यादव और मुनेंद्र सिंह को साजिश के आरोप में जेल भेजा गया था। पुलिस जांच के दौरान मुख्य आरोपी अजय के भाई केशव सिंह और तहेरे भाई अभय प्रताप सिंह की भूमिका भी सामने आई। दोनों पर हत्या की साजिश रचने की धाराएं लगाई गई हैं। साथ ही चंद्रशेखर को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। घटना के बाद सभी आरोपियों को कंपनी की नौकरी से हटा दिया गया था।

## दो आरोपियों पर घोषित था इनाम

दोहरे हत्याकांड में फरार चल रहे केशव और अभय प्रताप सिंह पर डीआईजी अजय कुमार साहनी ने 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इनामी घोषित होने के अगले ही दिन केशव ने अपने भाई चंद्रशेखर के साथ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि कोर्ट में आत्मसमर्पण करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। इसके लिए अदालत ने बृहस्पतिवार की तारीख तय की है। वहीं फरार आरोपी अभय प्रताप सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# सिटी स्टेशन के बंद क्वार्टर में मिला युवक का शव, चेहरे पर चोट के निशान

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** शहर के बरेली सिटी स्टेशन परिसर में लंबे समय से बंद पड़े रेलवे क्वार्टर से बुधवार दोपहर एक युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी, लेकिन देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

बरेली सिटी स्टेशन के क्वार्टर नंबर टी-16 में काफी समय से ताला पड़ा था।

बुधवार दोपहर सेक्शन इंजीनियर संजीव कुमार भारती ने अंदर से दुर्गंध आने पर मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्वार्टर खुलवाकर अंदर देखा तो एक युवक का शव पड़ा मिला।

## जीआरपी ने सिविल पुलिस को सौंपा मामला

इंस्पेक्टर जीआरपी बरेली सिटी अमित शर्मा ने बताया कि घटना स्थल सिविल क्षेत्र में आता है, इसलिए मामला सिविल पुलिस को सौंप दिया गया। इसके बाद कोतवाली के अपराध निरीक्षक आदेश कुमार, बिहारीपुर चौकी प्रभारी शिवम और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 25 से 26 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। युवक के चेहरे और होंठ पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। हालांकि मौके से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला।


## नशे की हालत में मौत की आशंका

इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक नशे का आदी लग रहा है। आशंका है कि उसकी मौत मंगलवार रात के दौरान हुई है।

फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बुजुर्ग को रौंदा, ट्रक से टकराकर पलटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के पास झुमका तिराहे पर बुधवार सुबह ड्यूटी से लौट रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार पिकअप ने कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि पिकअप भी अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद पुलिस कार्रवाई से ज्यादा सीमा विवाद में उलझी नजर आई।

फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव धनतिया निवासी 70 वर्षीय चंद्रपाल गंगवार परसाखेड़ा स्थित एक कार शोरूम के गोदाम में ड्यूटी करते थे। बुधवार सुबह करीब छह बजे वह साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह झुमका तिराहा पार कर रहे थे, बिलवा की ओर से तेज गति से आ रही मुर्गियों से भरी पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

## टक्कर के बाद ट्रक से भिड़ी पिकअप

बुजुर्ग को कुचलने के बाद पिकअप अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे ट्रक में जा भिड़ी। टक्कर के बाद पिकअप सड़क पर ही पलट गई। हादसे में चंद्रपाल गंगवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिकअप में भरी बड़ी संख्या में मुर्गियां भी मर गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को कब्जे में ले लिया। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

## सीमा विवाद में उलझी कार्रवाई

हादसे के बाद परसाखेड़ा चौकी पुलिस और फतेहगंज पश्चिमी पुलिस के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद सामने आया। दोनों थाने घटना स्थल को अपने-अपने क्षेत्र से बाहर बताते रहे, जिसके चलते पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी रही। मृतक चंद्रपाल गंगवार के परिवार में पत्नी सावित्री देवी, पुत्र हरेंद्र गंगवार और पुत्री सोनिया हैं। बेटे की शादी हो चुकी है, जबकि बेटी अविवाहित है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आंधी-बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

- किसानों पर मंडराया संकट, तीन दिन बारिश का अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली समेत आसपास के जिलों में बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का पूरा मिजाज बदल दिया है। बुधवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे पहले मंगलवार दोपहर तेज आंधी के बाद हुई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तापमान में गिरावट के चलते मौसम ठंडा हो गया है और अगले तीन दिन तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार मध्यम क्षोभमंडल में पाकिस्तान और पंजाब के पास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। मौसम विशेषज्ञ अतुल सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में बारिश जारी रहने से तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21.9 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को इसमें करीब तीन डिग्री तक गिरावट का अनुमान है।

तेज हवाओं और बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन इसके साथ ही कई तरह की परेशानियां भी सामने आई हैं। शाम तक जिले के अलग-अलग हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश होती रही और रात में भी बादलों का डेरा बना रहा। मौसम में आई ठंडक से लोगों को राहत मिली, लेकिन लगातार बदलते मौसम ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे बदायूं रोड स्थित पराग फैक्ट्री के पास तेज आंधी के दौरान एक भारी-भरकम यूनीपोल गिर गया। गनीमत रही कि उस समय कोई राहगीर उसकी चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। यूनीपोल गिरते ही सड़क पर वाहनों की रफ्तार थम गई और कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। बाद में इसे हटाकर रास्ता साफ कराया गया। इस घटना के बाद शहर में लगे अवैध और असुरक्षित विज्ञापन बोर्डों को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## पीलीभीत में बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी

पीलीभीत जिले में मंगलवार रात से ही मौसम खराब बना हुआ है। बुधवार सुबह हल्की बारिश शुरू हो गई, जो करीब एक घंटे तक जारी रही। इससे गेहूं की कटाई कर रहे किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में कटी पड़ी और तैयार खड़ी फसल को नुकसान का खतरा मंडराने लगा है। यदि मौसम ऐसा ही बना रहा तो उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है।

## जनजीवन पर पड़ा असर

बारिश और ठंडी हवाओं के कारण शहर में लोगों की आवाजाही कम हो गई। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग छाता लेकर निकलते दिखे। वहीं स्कूली बच्चे भी रिमझिम बारिश के बीच भीगते हुए स्कूल पहुंचे। बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ देखने को मिली। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक इसी तरह बारिश और बादलों का सिलसिला जारी रहने का अनुमान जताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने और किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम करने की सलाह दी गई है।

# इज्जतनगर मंडल की 7 रेल लाइनों का होगा दोहरीकरण

- 34.22 करोड़ का बजट जारी, कनेक्टिविटी में आएगा बड़ा बदलाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** इज्जतनगर रेल मंडल की तस्वीर अब तेजी से बदलने जा रही है। रेलवे बोर्ड ने मंडल की सात अहम रेल लाइनों के दोहरीकरण के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) को मंजूरी देते हुए 34.22 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है। सर्वे के बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी, जिससे आगे निर्माण कार्य का रास्ता साफ होगा।

इज्जतनगर मंडल के तहत आने वाली अधिकांश रेल लाइनें अभी तक सिंगल ट्रैक हैं, जिससे ट्रेनों की गति और संचालन पर असर पड़ता है। दोहरीकरण होने के बाद ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी, समयबद्धता बेहतर होगी और यात्रियों को अधिक सुविधाएं मिलेंगी।

## लंबी दूरी की ट्रेनों का बढ़ेगा संचालन

डीआरएम वीणा सिन्हा के अनुसार, आने वाले समय में इज्जतनगर मंडल से लंबी दूरी की ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी। अनवरगंज (कानपुर) से अमृत भारत एक्सप्रेस और काठगोदाम व टनकपुर से वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव है। इससे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के यात्रियों को सीधी और तेज कनेक्टिविटी मिलेगी। दोहरीकरण से बरेली, पीलीभीत, बदायूं, लखीमपुर, कासगंज, मथुरा, काठगोदाम, लालकुआं, रामनगर समेत कई जिलों को फायदा होगा। मालगाड़ियों की आवाजाही भी सुगम होगी, जिससे व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## इन सात रेलखंडों पर होगा सर्वे

रेलवे बोर्ड ने जिन रेलखंडों के दोहरीकरण के लिए एफएलएस मंजूर किया है, उनमें–

भोजीपुरा-लालकुआं (65 किमी)
काठगोदाम-लालकुआं (22 किमी)
रामपुर-लालकुआं (66 किमी)
भोजीपुरा बाइपास (14 किमी)
भोजीपुरा-बरेली सिटी (16 किमी)
कासगंज-मथुरा (105 किमी)
पीलीभीत-मैलानी (68 किमी)

इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद पूरे क्षेत्र में रेल यातायात की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।

## 1100 किमी नेटवर्क में बड़ा बदलाव

इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत करीब 1100 किलोमीटर रेल ट्रैक आता है, जो अभी तक अधिकतर सिंगल लाइन पर आधारित है। दोहरीकरण के बाद नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों की लेटलतीफी में भी कमी आएगी। डीआरएम वीणा सिन्हा ने बताया कि बजट में मंडल की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। जल्द ही एफएलएस का काम शुरू होगा। कासगंज-अनवरगंज और बरेली-पीलीभीत-मैलानी-सीतापुर रेल लाइन के दोहरीकरण से यूपी और उत्तराखंड को देश के अन्य राज्यों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# सोते समय लगी आग, इलाज के दौरान दो सगे भाइयों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली/बहेड़ी।** अलीगढ़ के सिविल लाइंस क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड ने बहेड़ी के एक परिवार को उजाड़ दिया। किराए के कमरे में लगी आग में झुलसे दो सगे भाइयों की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद गांव गिरधरपुर में मातम पसरा है।

देवरनियां क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी शहजाद और जिरार अलीगढ़ में रहकर चाय की दुकान चलाते थे। दोनों फिरदौस नगर स्थित तीन मंजिला मकान की तीसरी मंजिल पर किराए के कमरे में रहते थे। 31 मार्च की रात करीब सवा बजे मच्छरों से बचाव के लिए जलाई गई अगरबत्ती से बिस्तर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और नींद में होने के कारण दोनों भाई उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

आग लगने के दौरान कमरे में रखे तीन घरेलू गैस सिलेंडर एक के बाद एक धमाके के साथ फट गए। तेज धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा और आसपास के लोग घबराकर बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को पहले अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान सोमवार रात दोनों भाइयों ने दम तोड़ दिया।

## नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक

मंगलवार देर रात जब दोनों भाइयों के शव गांव गिरधरपुर पहुंचे तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में परिजनों ने दोनों को सुपुर्द-ए-खाक किया। बताया गया कि मृतक चार भाइयों में शामिल थे और उनकी दो बहनें भी हैं। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA™©

हजारों संतुष्ट ग्राहक

ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
- 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
- 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
- Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

ISO Registration ₹4999

Contact: 7500223290 7500277920

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com



**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।


मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


# बारिश से शहर में छाया रहा अंधेरा, गिरे पेड़

## रात 2 बजे सुचारू हुई बाधित आपूर्ति, घनघनाते रहे फोन

जागरण मोर्चा कार्यालय


झमाझम बारिश में सड़क के पार करते लोग। –जागरण मोर्चा


बिजली लाइन में आई खराबी को सही करते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** बुधवार को तेज आंधी और बारिश होने से बिजली की लाइनों पर पेड़ गिर गए। जिससे लाइनों में खराबी आ गई। इसी वजह से शहर में अंधेरा छाया रहा। बाधित आपूर्ति को सुचारू की जानकारी लेने पर बिजली निगम के अधिकारी फोन घनघनाते रहे। कड़ी मशक्कत के बाद बाधित आपूर्ति को सुचारू कराया गया।

डूंगरपुर बिजलीघर की आपूर्ति तेज आंधी और बारिश होने की वजह से लड़खड़ा गई। बारिश रूकने के बाद बाधित आपूर्ति को सुचारू कराए जाने का कार्य शुरू कराया गया। कार्य के दौरान कर्मचारियों को बिजली की लाइनों पर पेड़ गिर हुए मिले। एक के बाद एक लाइनों पर गिरे हुए पेड़ों को हटाया गया। इसके बाद क्षतिग्रस्त तारों को सही कराया गया। कार्य के दौरान आपूर्ति डूंगरपुर, जेल रोड, डिग्री कॉलेज, मोहल्ला कटरा जलालद्दीन, मस्जिद लाल कबर समेत आसपास के क्षेत्रों की आपूर्ति ठप रही। तकनीकी एसडीओ एमवी सिंह ने बताया कि बिजली की लाइनों पर पेड़ गिर गए। इन्हें सही कराए जाने का कार्य पूर्ण होने के बाद बाधित आपूर्ति को सुचारू कराया गया।

### बारिश होने से कई क्षेत्रों में जलभराव

बारिश होने से शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट, ज्वालानगर, रोडवेज बस अड्डा, बाजार नसरूल्लाह खां, चाह खजान खां, बिलासपुर गेट, डिग्री कालेज, स्वार-बस अड्डा, जेल रोड समेत कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थित उत्पन्न रही। लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## अलग-अलग सड़क हादसों में चार ज़ख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** मंगलवार देर शाम शाहबाद क्षेत्र के अलग अलग सड़क हादसों में चार लोग जख्मी हो गए, जिनको सीएचसी पर उपचार दिया गया। एक ही गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद नगर के रसूलपुर गांव निवासी प्रवीण कुमार, बबलू, सतेंद्र और बंदार गांव निवासी राममोहन अलग-अलग सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर प्रवीण कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एक नजर


मोहसिन किदवई के साथ खड़े नोमान खां।

### मोहसिना किदवई के निधन से शोक की लहर

**रामपुर।** कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद और हृदय विदारक है। खबर सुनते ही रामपुर के कांग्रेसियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां एडवोकेट ने कहा मोहसिना किदवई का निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। वह सोनिया गांधी के लिए एक बहुत उत्साहित करने वाली सहेली के तौर पर थीं। उम्र में थोड़ा अंतर हो सकता है, मगर वह उनके साथ कदमताल मिलाकर चलती थीं।

### युद्ध विराम से उद्योगों ने राहत की सांस ली

**रामपुर।** आई आई ए के चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने युद्ध विराम पर खुशी जताई है। राहत भरी घोषणा का स्वागत किया है। युद्ध के कारण विश्व व्यापार रुका हुआ था। निर्यात आयात बंद से थे, पेट्रोलियम पदार्थ अधिक प्रयोग करने वाले उद्योग बंदी के कगार पर आ चुके थे। नौकरियां जाने लगी थी। महंगाई बढ़ रही थी। हारमुज स्ट्रेट के रास्ते बंद होने के कारण आयात निर्यात बंद सा हो गया था। गैस की परेशानी भी होने लगी थी, होटल इंडस्ट्री एवम आम जनता प्रभावित हो रही थी, अब इस घोषणा से राहत मिलने की आशा बलवती हो गई है।




जख्मी वृद्ध को सीएचसी पर उपचार देते कर्मी। –जागरण मोर्चा

## बाइक के सामने आई नीलगाय, बाइक सवार वृद्ध हुआ ज़ख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** वृद्ध की बाइक के सामने अचानक नीलगाय आने से बाइक सवार वृद्ध बुरी तरह जख्मी हो गए। इसी दौरान शाहबाद आ रहे पत्रकार के द्वारा ज़ख्मी हालत में सड़क पर पड़े वृद्ध को उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया।शाहबाद तहसील क्षेत्र के शाहपुर देव गांव निवासी हरद्वारी सिंह शाहबाद से जरूरी काम निबटाकर अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान रास्ते में तुरखेड़ा गांव के पास उनकी बाइक के सामने नीलगाय आ गई और बाइक सवार हरद्वारी सिंह सड़क पर गिरकर बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। इसी दौरान शाहबाद की ओर आ रहे पत्रकार राशिद अल्वी ने एम्बुलेंस को कॉल किया और जख्मी हालत में सड़क किनारे पड़े हरद्वारी सिंह को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## प्रेम प्रसंग में रची अपहरण की साजिश

जागरण मोर्चा कार्यालय


अपरहण की झूठी साजिश रचने वाले दोनों दोस्त पुलिस हिरासत में।

**मसवासी।** स्वार थाना क्षेत्र में गुमशुदगी के एक मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चौंकाने वाली सच्चाई सामने लाई है। प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रच डाली। प्रेमिका के परिजनों को फंसाने की साजिश बनाई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया कि अलीनगर जागीर निवासी मोहम्मद हासिम के लापता होने की सूचना उसके परिजनों द्वारा दी गई थी, जिसके आधार पर थाना स्वार में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम ने सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से 7 अप्रैल 2026 को हासिम को मुरादाबाद के दलपतपुर टोल प्लाजा के पास से बरामद कर लिया।पूछताछ में हासिम ने बताया कि उसका एक

▸ **खुद ही दी झूठी सूचना, दो गिरफ्तार**

युवती से पिछले तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह उससे शादी करना चाहता था, लेकिन युवती के परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। इस पर उसने अपने साथी रेहान के साथ मिलकर अपहरण की झूठी साजिश रची। आरोप है कि दोनों ने यूपी-112 पर कॉल कर झूठी सूचना दी कि कुछ लोग हथियारों के साथ उसका पीछा कर रहे हैं,अपहरण करना चाहते हैं। इसके बाद परिजनों को व्हाट्सएप के माध्यम से ऑडियो और मैसेज भेजकर फिरौती की मांग की गई, ताकि युवती के परिवार को फंसाया जा सके। पुलिस ने इस मामले में हासिम और उसके साथी रेहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कूड़ा फेंकने को लेकर विवाद महिला को पीटा, चार पर केस

जागरण मोर्चा कार्यालय


**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मानपुर उत्तरी में कूड़ा फेंकने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।आरोप कि पड़ोसियों ने एक महिला को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गांव मानपुर उत्तरी निवासी रूबी पत्नी मोबिन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर के पास कूड़ा डालने जा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी गामा पुत्र सद्दीक, उसकी पत्नी और पुत्र ने बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर एक ही परिवार के चार लोगों को नामजद करते हुए मारपीट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे-छोटे विवादों को लेकर इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बनता जा रहा है। पुलिस ने भी लोगों से आपसी विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की अपील की है।

**सिरमौर** 99 .29 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में सिरमौर

## आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर की हैट्रिक

जागरण मोर्चा कार्यालय


जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी।

▸ **140 में से 139 अंक हासिल कर रामपुर ने गाड़ा झंडा**

▸ **हाथरस और बाराबंकी को पछाड़कर बनाया प्रदेश में रिकॉर्ड**

**रामपुर।** जनपद ने मार्च 2026 की आईजीआरएस समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली मूल्यांकन रिपोर्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद को 140 में से 139 अंक (99.29 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं। इस उपलब्धि के साथ रामपुर ने लगातार तीसरे माह प्रथम स्थान अर्जित कर उल्लेखनीय हैट्रिक स्थापित की है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जनपद में जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था विकसित की गई है, जिसके परिणामस्वरूप यह सफलता प्राप्त हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के टॉप-5 जनपदों में रामपुर के बाद हाथरस एवं बाराबंकी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि शाहजहांपुर एवं पीलीभीत ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मुरादाबाद मंडल के अन्य जनपदों ने भी संतोषजनक प्रदर्शन किया है, जिसमें अमरोहा, संभल, मुरादाबाद एवं बिजनौर शामिल हैं। जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रत्येक शिकायत को प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर उसकी सतत मॉनिटरिंग की जाती है। साथ ही, शिकायतकर्ताओं से प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कर फीडबैक लिया जाता है, जिससे निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

इस शानदार सफलता पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों और टीम भावना का ही परिणाम है। प्रशासन भविष्य में भी मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए जनसुनवाई प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ कर आमजन को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बालिकाएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में मिशन शक्ति 5 के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पहाड़ी गेट, जनपद में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण एवं परीक्षण प्रदान किया। तथा जन जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया और उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की सुरक्षा करने के लिए सक्षम बनाना रहा।

## गेहूं तौल: व्यवस्था सुधारो वरना आंदोलन

जागरण मोर्चा कार्यालय


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान संघ के कार्यकर्ता।

**मसवासी।** क्षेत्र के तमाम किसानों ने गेहूं क्रय केंद्र पर अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर घरों पर ही गेहूं की तौल कराने की मांग की।

बुधवार को क्षेत्र के ग्राम रहमतगंज में भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोहन प्रकाश मौर्य के आवास पर किसान एकत्रित हुए। किसानों ने आरोप लगाया कि गेहूं क्रय केंद्र पर समय से तौल नहीं हो रही है, कभी वरदान नहीं है। कभी मशीन में तकनीकी खराबी बात कर तोल बाधित कर दी जाती है ।जिससे उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा केंद्रों पर पर्याप्त संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्रय क्रेंद्रों पर किसानों के बैठने का इंतजाम तक नहीं है जिससे किसान तोल के इंतजार में धूप में खड़े होकर परेशानी झेलते हैं। किसानों का कहना है कि बार-बार केंद्र के चक्कर लगाने से उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि या तो क्रय केंद्रों की व्यवस्था में सुधार किया जाए या फिर गांवों में ही गेहूं की तौल की व्यवस्था की जाए। बिचौलियों की खरीदारी से मुक्ति दिलाई जाए प्रशासनिक खरीद को मजबूत किया जाए ।ताकि किसानों को राहत मिल सके।इस दौरान किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सेमरा रहमतगंज के ग्राम प्रधान सुरेश चंद दिवाकर,। समेत तमाम किसान शामिल रहे।




## एक नजर

### राम रहीम पुल का कार्य तीन दिन के लिए बंद

**रामपुर।** मौसम खराब और बारिश के चलते राम रहीम पुल के कार्य को तीन दिन के लिए रोक दिया गया है। मौसम साफ होने के बाद पुल के कार्य को शुरू कराया जाएगा। कार्य पूर्ण होने पर 20 मई से राम रहीम पुल पर वाहन दौड सकेंगे। राम रहीम पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। पुल जर्जर होने पर जनता की समस्याओं को देखते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुल की मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन से मंजूरी मिलने पर जर्जर पुल को सही करने का कार्य 26 मार्च से शुरू करा दिया गया है, जोकि 20 मई तक कार्य आरंभ रहेगा। मरम्मत कार्य में 2.29 करोड़ रुपये का खर्च आ रहा है। लेकिन मौसम खराब और बारिश होने के कारण तीन दिन के लिए पुल का कार्य को बंद कर दिया गया है। एक्सईएन गौरव सिंह ने बताया कि मौसम के चलते राम रहीम पुल के कार्य तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

### सांसद निधि वापस करना जनता के साथ धोखा: जाहिद खां



**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद और सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के सदस्य जाहिद खां ने कहा कि सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के द्वारा रामपुर के विकास के लिए आया पैसा वापिस करने पर अफसोस जताया है। 5 करोड़ रूपये की सांसद निधि में पूरे साल में सिर्फ 2.36 करोड़ रुपये छोटे कामों पर खर्च करके 2.39 करोड़ रुपये सरकार को वापिस करके सांसद ने रामपुर की जनता को विकास के नाम पर धोखा दिया है। रामपुर में एम्स की शाखा बनाने का मुतालबा करने का ढंढोरा पीटने वाले सांसद सिर्फ जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जाहिद खां ने कहा है हमें ऐसे सांसद की ज़रूरत नहीं है जो हमारे जिले के विकास के लिए आया पैसा वापस करके सरकार को खुश करने में लगे हुए है।

# मछुआ समाज मनाएगा निषादराज जयंती

## रविवार को जिला सहकारी बैंक सभागार में होगा कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आठ अप्रैल आज तुरैहा मछुआ समाज के तत्वाधान में निषादराज जयंती जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से बनाया। जिला स्तरीय संगठन के पदाधिकारियों सहित जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सीगनखेड़ा लालपुर, हमीरपुर, मानकपुर, सरावा, चौधरपुर, हमीरपुर, कसया कुंडा, पीपली नायक, संरकथल, धीमरखेड़ा, लालपुर आदि ग्रामों में घूम कर भ्रमण कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। 12 अप्रैल दिन रविवार को महाराजा निषाद राज जयंती जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने की सभी लोगों से अपील की है।

जगह-जगह बैठकों को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने बताया की जिस समाज को अपने वंशज व महापुरुषों की जानकारी नही हैं वहीं समाज आज कमजोर है। इसीलिए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले, तहसील व ग्राम पंचायतों तथा नगरीय क्षेत्र में महाराजा निषादराज जयंती एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का आयोजन भव्य व विशालकाय रूप से मनाया जा रहा है। जिसमें सभी स्थानों पर भारी संख्या में स्वजातीय परिवारों ने प्रतिभाग किया जा रहा है। समाज आज जागरूक हो इसी उद्देश्य से अपने समाज के महापुरुषों व वंशजों को लोगो को याद किया जा रहा है।



कार्यक्रम को लेकर लोगों को कार्ड देते जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी।

### यह लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम व बैठकों में जिला महामंत्री रामसिंह तुरैहा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट, पंडित रामगोपाल, मुरारी लाल, ऋषि पाल, विक्रम मास्टर, बृज किशोर, सोनू कुमार मोहन लाल एडवोकेट, अजय कुमार प्रधान आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा ने तुरैहा मछुआ स्वजातीय समाज के लोग जब तक अपने घरों से नही निकलेगे तो समाज को संगठित नही कर पाएंगे। इसलिए महाराजा निषाद जयन्ती एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जनपद स्तरीय महाराजा निषादराज जयंती व महर्षि कश्यप जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 12 अप्रैल रविवार को जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित किया जायेगा। इसलिए संगठन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए समाज के बंधुओं को निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से जनपद की सभी तहसील की ग्राम पंचायत व नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले सभी तुरैहा मछुआ समाज के स्वजातीय परिवार सहित प्रतिभाग करेंगे। सम्बंधित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आंजनेय कुमार सिंह, मंडलायुक्त एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरादाबाद के विख्यात डॉक्टर सीपी सिंह (जिज्ञासा हास्पिटल) और उत्तराखंड सरकार में राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप रहेंगी।

# बारिश में सड़क पर उतरे किसान, किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं और अनदेखी से नाराज किसानों का सब्र आखिरकार टूट गया। बारिश के बीच भीगते हुए किसानों ने प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

बताया गया कि किसान कई दिनों से अपने गेहूं की तौल कराने के लिए क्रय केंद्रों के चक्कर काट रहे थे, लेकिन उन्हें बार-बार टाल दिया जा रहा था। सोमवार को जब किसान बड़ी संख्या में केंद्र पहुंचे, तभी अचानक बारिश शुरू हो गई, लेकिन इसके बावजूद किसान डटे रहे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि उनके गेहूं की तौल नहीं की जा रही। व्यापारियों को प्राथमिकता दी जा रही बारदाना और मशीन खराबी का बहाना बनाकर लौटाया जा रहा, बारिश में भी नहीं मिली राहत बारिश के दौरान किसानों को खड़े रहने के लिए न टेंट मिला, न बैठने की व्यवस्था, जिससे महिलाएं और बुजुर्ग किसान खासे परेशान नजर आए। भीगते हुए किसानों ने कहा कि यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।गुस्साए किसानों ने मौके पर ही प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्थाएं ठीक नहीं हुईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों की चेतावनी, किसानों ने कहा कि जब तक गेहूं की तौल शुरू नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर मौजूद जिला ब्लॉक प्रमुख सुमित कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष चंद्र, ब्लॉक उपाध्यक्ष मिंटू तिवारी, नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा, टिंकू पांडे, अमन पांडे, चुन्नू, राकेश कश्यप, खंड मीडिया प्रभारी अरुण श्रीवास्तव मौजूद रहे।



मिलक तहसील में प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

▶ क्रय केंद्रों की अव्यवस्थाओं से नाराज किसानों का जताया विरोध

## जिलाधिकारी को पत्र भेजकर की कार्रवाई करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री प्रेमपाल सिंह सैनी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि जनपद में रवि विपणन वर्ष 2026-27 में शासनादेशानुसार मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों से सीधे गेहूं खरीद कराए जाने एवं घोषित समर्थन मूल्य का किसानों को भरपूर लाभ दिए जाने के उद्देश्य से विभिन्न क्रय एजेंसियों से खरीद केंद्र स्थापित किये हैं। जिसमें जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिन्स चौधरी द्वारा उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हुए शासन की गाइडलाइन के विपरीत प्राइवेट ठेकेदारों से मोटी रकम वसूल कर मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध तरीके से केंद्र स्थापित कर दिए गए जिसके कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं। क्रय एजेंसी नेफेड को कुल 19 क्रय केंद्र दिए गए हैं। मंडी मिलक में समस्त एजेंसियों के मिलाकर कुल-15 केंद्र यानि कि पूरी मंडी में कदम-कदम पर सेंटर पटवाई व शाहबाद क्षेत्र में ही दिए गये हैं। जबकि भारत की लोकप्रिय मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी की सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस है, कि खरीद पूर्णतः पारदर्शी एवं बिचौलियों मुक्त खरीद हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

## संक्षेप समाचार

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में टली सुनवाई

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां को दोषमुक्त किए जाने के मामले में आप नेता फैसल लाला द्वारा दायर की गई अपील पर बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जबकि मजिस्ट्रेट कोर्ट किसानों के 27 मामलों में 21 अप्रैल की तारीख नियत की गई है। सुबह हुई बारिश के कारण अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नहीं किया गया। जिस कारण से 28 मुकदमों में सुनवाई टल गई। गंज थाना निवासी आप नेता फैसल लाला ने पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ कोतवाली में आपत्ति जनक टिप्पणी करने के मामले में 2019 में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें काफी समय तक सुनवाई चलने के बाद 2025 दिसंबर में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया था। इस मामले में बरी किये जाने के खिलाफ फैसल लाला ने सेशन कोर्ट में अपील दायर की थी।जोकि सेशन कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा थाना अजीमनगर में किसानों की जमीन हड़पने के मामले में 27 किसानों ने अलग- अलग मुकदमें दर्जकराए थे। जिसमें मोहम्मद आजम खां, आले हसन खां, चमरौआ विधायक नसीर खां सहित काफी सपा नेता शामिल है। जिसमें हड़ताल के चलते बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी।



पाठ्य पुस्तकें लिये शिक्षकों के साथ खड़े बच्चे। -जागरण मोर्चा

### खजुरिया में हुआ नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में बच्चों को विभाग से प्राप्त निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं कार्य पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगा सरन सैनी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष विजेंद्र, तथा दीपा सैनी, दीपा चौहान, गीता, हरि ओम एवं अभिभावकों मिथिलेश, सीमा, बबीता, मित्रपाल, इरशाद, जाकिर नवी आदि की उपस्थिति में निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। पाठ्य पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों को रोजाना विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।



फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेते हुए जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन।

### बेमौसमी बरसात से किसानों भारी नुकसान, सरकार दे मुआवजा: मुस्तफा

**रामपुर।** बेमौसमी बरसात से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और इन ईंट भट्ठों को भारी नुकसान पहुंचा है। जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने सैदनगर क्षेत्र के गांव प्राणपुर, नयागांव, बैंजनी, बैंजना, दलेलनगर, सराबा, सरकड़ी, खंडिया, नगलागणेश सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर किसानों को हाल जाना। और गेहूं की गिरी फसलों के नुकसान को देखा। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि किसानों को मुआवजा दिया जाए और लेखपालों से सर्वे करवा कर किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर मदद की जाए।

### बे-मौसम वर्षा से क्षतिग्रस्त फसलों का डीएम ने किया निरीक्षण, त्वरित सर्वे के निर्देश

**रामपुर।** बे-मौसम वर्षा एवं अतिवृष्टि की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में क्षतिग्रस्त एवं प्रभावित फसलों का जायजा लेने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा के साथ संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया।किसानों को हुई क्षति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण मे जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कर क्षतिग्रस्त फसलों का यथार्थ आकलन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वे रिपोर्ट शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत की जाए, ताकि शासनादेशों के अनुरूप पात्र कृषकों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सर्वेक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ किया जाए, जिससे किसी भी प्रभावित किसान को सहायता से वंचित न रहना पड़े।

### 506 ग्राम स्मैक पाउडर के साथ चार गिरफ्तार

**रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने 506 ग्राम स्मैक पाउडर चार मोबाइल और 53,900 रुपये नगद व एक बाइक के साथ चार लोगों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी आरोपी जेल चले गए। अधिकारियों के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान चार आरोपी इमरान खान निवासी ग्राम बहेरा थाना फरीदपुर, शेर निवासी ग्राम फरीदपुर नौसाना थाना बिनावर जनपद बदायूं, मुन्ना निवासी मोहल्ला मछली बाजार चाह चट्टा थाना कोतवाली, इफ्तिखार अली निवासी मोहल्ला मछली बाजार चाह चट्टा थाना कोतवाली को स्वार रोड मोरी गेट के पास आम के बाग में बने ट्यूबेल से 506 ग्राम नाजायज नशीला सफेद पाउडर, चार मोबाइल फोन 53900 रुपये नगद, एक आधार कार्ड, एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चले गए।

### महिलाओं से मारपीट, पांच पर मुकदमा

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव बिजारखाता में महिलाओं के साथ सरेबाजार मारपीट का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता शहनाज पुत्री मुख्तार के अनुसार उसके पिता मुख्तार ने अपनी दुकान के सामने खड़े ठेले को हटाने के लिए अपने भतीजे जुनैद से कहा था। इसी बात को लेकर जुनैद और उसका भाई आज़म गाली-गलौज पर उतारू हो गये। देखते ही देखते मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब शहनाज, उसकी मां फूल जहां और भाई आलिम बचाव के लिए मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट दिया, जिससे वे घायल हो गए। शहनाज ने बताया कि वह छह माह की गर्भवती है। और उसके पेट में दर्द होने लगा। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जुनैद पुत्र फजले, आज़म पुत्र फजले, फराह पत्नी जुनैद सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मसवासी चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों के खिलाफ शीघ्र ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# टीकाकरण-स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** हज की तैयारियों के सिलसिले में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज़ और यूपी स्टेट हज कमेटी के सदस्य शाहीन अंसारी ने जिला हज ट्रेनरों और संबंधित अधिकारियों के साथ हिस्सा लिया।

हज ट्रेनिंग कैंप, हाजियों की सुविधाओं और पूरी तैयारियों का विस्तार से जायज़ा लिया गया। इस दौरान विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। खास तौर पर उन हाजियों के बारे में चिंता जताई गई जिनका वैक्सीनेशन, मेडिकल अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इस संबंध में जिला हज ट्रेनर मारिज उल हक़ और अलमास वसीम ने कहा कि मेडिकल स्टाफ हाजियों के साथ पूरा सहयोग करें ताकि सभी प्रक्रियाएं समय पर पूरी हो सकें। बैठक में अंजुमन इस्लाह-ए-कौम के सदस्य इमरान सलीम शम्सी, एडवोकेट काशिफ अख्तर ने भी अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए।



आयोजित बैठक में मौजूद शाहीन अंसारी, हज ट्रेनर। -जागरण मोर्चा

▶ हज की तैयारियों को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई

# जन्मोत्सव की तैयारी को जनसंपर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार को ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत जनपद शाखा के जिला अध्यक्ष पं. रामबाबू शर्मा ने आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए कई गांव पंचायतों का भ्रमण किया।

ग्राम पंचायत सिमरिया, ग्राम पंचायत रहसैना, ग्राम पंचायत जनू नागर, ग्राम पंचायत रठौंडा और लोहापट्टी भोलानाथ में ब्राह्मण समाज के बीच में बैठकर बैठक करके परशुराम जन्मोत्सव को मनाने के लिए सभी को समय से भाग लेकर के कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर रूप किशोर शर्मा, देवेंद्र पाल शर्मा, अनुज कुमार शर्मा, नेतराम शर्मा, कृष्णपाल शर्मा, वेदपाल शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, अनिल शर्मा, राजकुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, रोशन लाल शर्मा, आकाश भारद्वाज, कमल शर्मा, कमल शर्मा, अभिषेक कुमार शर्मा, हरीश कुमार शर्मा, सोनू शर्मा, सर्वेश कुमार शर्मा, परशुराम शर्मा, विष्णु शर्मा, राजकुमार भारद्वाज, मुंशीलाल शर्मा, कपिल शर्मा, सिद्धार्थ मिश्रा, शिव दत्त मिश्रा, रामपाल शर्मा, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे।



भ्रमण के दौरान वार्ता करते जिला अध्यक्ष पं. रामबाबू शर्मा। -जागरण मोर्चा

▶ 19 अप्रैल को जनपद में मनाई परशुराम जयंती

**शिक्षा-चौपाल** स्मार्ट क्लास प्रिंट रिच सामग्री टी एल एम व गणित किट की जानकारी दी

# प्राथमिक विद्यालय इंड्रा में शिक्षा चौपाल का किया गया आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ की न्याय पंचायत कोयला के प्राथमिक विद्यालय इंड्रा में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसआरजी सरफराज अहमद, एआरपी पारितोष, एआरपी अरुण कुमार व कमर इश्हाक द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया।

एसआरजी सरफराज द्वारा शिक्षकों व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा चौपाल का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों, छात्र छात्राओं अभिभावकों एवं जनसमुदाय के बीच संवाद बढाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, बालवाटिका के संचालन, बच्चों के नामांकन तथा उपस्थिति में सुधार लाने पर बल दिया। एआरपी पारितोष ने कहा कि परिवार ही बच्चे की प्रथम पाठशाला है। उन्होंने अभिभावकों से शिक्षकों का सहयोग करने की अपील की जिससे शिक्षा के लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति की जा सके। एआरपी अरुण ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी नीतियों को विस्तार पूर्वक अभिभावकों के समक्ष रखा। जिसमे सभी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास प्रिंट रिच सामग्री टी एल एम व गणित किट की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजनें का आह्वान किया।जिससे शिक्षा में सामूहिक सहयोग से लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम अगले क्रम में उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ के जिला महामंत्री डॉ. अंजुम सक्सेना ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र साधन है।

जिससे जीवन में सकारात्मक सुधार लाया जा सकता है।इसके बाद शिक्षक नरेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आज के समय में सरकार द्वारा शिक्षा कि सुलभता व आवश्यकता पर बल दिया। उसके बाद शिक्षक उमेशपाल सिंह द्वारा शिक्षा चौपाल के महत्त्व पर प्रकाश डाला। सरकारी विद्यालयों को प्राइवेट विद्यालयों से बढ़कर बताया व सरकारी विद्यालय के अध्यापको की शिक्षा को परिवेश के आधार सुलभ व सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो -दो छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इसके साथ ही उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापको को भी प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके बाद कार्यक्रम में अनीता गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया व कहा कि सर्वांगीण विकास शिक्षा की राह पर चल कर ही प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद कार्यक्रम में कमर इस्हाक की सेवानिवृत्ति का कार्यक्रम किया। जिसमें सभी ने उन्हें फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी। डॉ. अंजुम सक्सेना, उमेशपाल सिंह, नरेश कुमार ने कमर इस्हाक के साथ बिताये पलों को साझा किया। इंड्री, कोयली तथा नवादा के बच्चों ने विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय परिवार में हेमा सक्सेना, विनीत श्रीवास्तव , जया जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन सुबुही मरियम व अमित कुमार ने किया। कार्यक्रम में निदा खान, अमितेश झा, सिद्धार्थ गौतम, नीता शर्मा, इफ्तेखार अली, आसिफ अली, याकूब अली, संगीता गोयल, तनुज, शुभम, पारस गुप्ता, वीरपाल, आलोक सक्सेना, ताहिर अली, प्रीति, नंदिनी, शगुफ्ता सहित न्याय पंचायत कोयला के अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



पौधे के साथ मौजूद शिक्षक। -जागरण मोर्चा






## एक नजर

### जिले में 17 को लगेगा पुस्तक मेला

**रामपुर।** जिले में माध्यमिक शिक्षा को सुलभ और किफायती बनाने के उद्देश्य से पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर पुस्तक मेला का आयोजन 17 को लगेगा। यह मेला यूपी बोर्ड की ओर से कक्षा नौ से 12वीं तक के छात्र–छात्राओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसमें उन्हें अधिकृत और निर्धारित मूल्य पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार मेला का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को प्रमाणित पुस्तकों के प्रति जागरूक करना है। अक्सर देखा जाता है कि बाजार में महंगी और गैर–मान्यता प्राप्त किताबें भी बेची जाती हैं। इससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। ऐसे में यह मेला सही पुस्तकों की पहचान और उचित मूल्य पर उपलब्ध करने में मदद करेगा।

### छात्रों को पीटने में प्रधानाचार्य को नोटिस

**रामपुर।** फीस न देने पर छात्रों को पीटने के मामले डीआईओएस ने प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही नोटिस का सप्ताह भर में जवाब भी मांगा है। नोटिस जारी होने पर कॉलेज प्रशासन में खलबली मची हुई है। जनपद बरेली थाना इज्जतनगर निवासी अनूप रायजादा ने मुख्यमंत्री, बेसिक शिक्षा मंत्री को लिखित रूप में शिकायत की है कि थाना हजियानी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोसी मंदिर में तैनात प्रधानाचार्य विनोद यादव कॉलेज में छात्रों को किसी कारण वश फीस जमा करने में विलंब होने पर प्रधानाचार्य, अध्यापक बारी–बारी से डंडों से पिटाई कर रहे हैं। प्रधानाचार्य, अध्यापकों द्वारा पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस मामले में जिला विद्या निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज कोसी मंदिर के प्रधानाचार्य को बुधवार को नोटिस दिया है साथ ही नोटिस का जवाब सप्ताह भर में मांगा है।

# स्मार्ट मीटर बने शहरवासियों के लिए जी का जंजाल

## महिलाएं बोलीं रिचार्ज करने के बाद भी घरों में है अंधेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** इस वक्त स्मार्ट मीटर शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। शहर की हर गली-मोहल्ले में स्मार्ट मीटर लगने के बाद आ रही परेशानियों और रिचार्ज होने के बाद घरों में अंधेरा होने की चर्चा आम है।



जबकि इस मामले में बिजली निगम के अधिकारी मौन धारण किए है। किसी भी अधिकारी की कोई प्रतिक्रिया या फिर कोई आधिकारिक बयान जनता के हित में जारी नहीं किया है। स्मार्ट मीटर से आ रही परेशानियों को देखते हुए शहर से लेकर तहसीलों तक धरना प्रदर्शन शुरू हो गए है। जबकि प्रिंट मीडिया भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रही है। शहरवासियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर ने जिंदगी को मुहाल कर दिया है आए दिन कोई न कोई दिक्कत सामने आ रही है। मीटर सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है क्योंकि मीटर रिचार्ज करने के बाद भी लोगों के अंधेरा छाया हुआ है और मीटर का बिल जमा करने के लिए घंटो-घंटों नवाबगेट बिजलीघर महिलाओं, पुरूषों को कतार में लग रहे हैं तो वहीं बिल जमा करने में भी कभी सर्वर डाउन या कनेक्टविटी न आने परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश लोगों की मांग की है बिजली निगम इन मीटरों में रिचार्ज व्यवस्था को खत्म करके बिलिंग व्यवस्था को लागू किया जाए। जिससे लोगों को आसानी मिल सके।



स्मार्ट मीटर अभी रामपुर जैसे छोटे शहर में लगने की जरूरत नहीं है। क्योंकि यह गरीब शहर है और यहां काफी समस्याएं पहले से है। इसलिए पहले जैसी व्यवस्था को लागू किया जाए। **–आलम खां**



इस समय सबसे बड़ी परेशानी स्मार्ट मीटर के साथ गैस आसानी से न मिलना। जिससे लोग बहुत परेशान है खासतौर पर महिलाएं, स्मार्ट मीटर की रिचार्ज व्यवस्था को तुरंत खत्म किया जाए। **–रानी**



स्मार्ट मीटर गरीब आदमी के लिए सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि कारोबार चौपट है और इस दौर में गरीब आदमी का पेट भरना मुश्किल है। सरकार को चाहिए वह इन मीटरों को बंद करें। **–यशोदा**



जनता की परेशानियों को देखते बिजली अफसरों को आगे आकर स्मार्ट मीटरों से आ रही परेशानियों के बारे में अवगत कराएं। मीटरों को तुरंत ही हटवाया जाए या फिर बिलिंग व्यवस्था को लागू किया जाए। **–अमरीन**

## मरम्मत के नाम पर अंधाधुंध कटौती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनसेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान के नेतृत्व में जन सेवा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत अधीक्षण अभियंता से मिला। विद्युत कटौती और स्मार्ट मीटर की समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शहर के अंदर पिछले 1 साल से पेड़ों की कटाई छाटाई के नाम पर रोजाना शहर के कई बिजली घरों की बिजली पांच से 6 घंटे सप्लाई बंद कर दी जाती है। पहाड़ी गेट बिजली घर की बिजली पतंगबाजी के नाम पर सुबह से लेकर शाम तक बंद कर दी जाती है जिससे लोग को बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

5 से 6 दिन के अंदर शहर में उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटर की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। अभी तक स्मार्ट मीटर के खराब बिलों को लेकर लोग बिजली घरों के चक्कर लगा रहे थे। अचानक स्मार्ट मीटर को प्रीपेड कर दिया गया। जिससे लोगों के बिजली के बिल जमा होने के बाद भी स्मार्ट मीटर में बकाया राशि दिखाने लगा और माइनस में आ गया। जिससे स्मार्ट मीटर की ऑटोमेटिक बिजली कट हो रही हे जिससे लोगों को यह समझ नहीं आ पा रहा है कि वह अपने बिजली के बिल ठीक कराए या स्मार्ट मीटर की बिजली चालू कराए। ज्ञापन देने वालों में हारिस शम्सी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, ऋषभ शर्मा, मनी सिंह, वसी खान, शिराज शम्सी, हारून खान, शिबू खान, मुजम्मिल खान, समद मियां, मुकर्रम मियां आदि रहे।



एसई कार्यालय में कर्मचारी को ज्ञापन सौंपते प्रदेशाध्यक्ष। –जागरण मोर्चा

## बिजली समस्या को लेकर व्यापार मंडल ने की वार्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** नगर में लगातार हो रही बिजली समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्शन) से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान व्यापारियों ने बताया कि स्वार क्षेत्र में जरा सी हवा चलने पर ही बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है।आमजन और व्यापारियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसके अलावा किसी भी मोहल्ले में ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसे बदलने में देरी होती है, जिससे कई घंटों तक क्षेत्र अंधेरे में रहता है।व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष अनवर अली नगर ने मांग रखी कि कस्बे के लिए ट्रॉली वाले ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसी भी मोहल्ले का ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल उसे लगाकर एक घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके।इसके साथ ही उन्होंने ऊंचे बिजली खंभों के माध्यम से लाइन दुरुस्त करने की भी मांग की, जिससे हवा या अन्य कारणों से बिजली बाधित न हो। अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रॉली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही बताया कि 132 केवी का नया बिजलीघर बनने के बाद स्वार क्षेत्र को बेहतर आपूर्ति मिलेगी और लाइन व्यवस्था में भी सुधार किया जाएगा।इस मौके पर उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, महासचिव मुशर्रफ अली, इरफान अली, गुड्डू हाफिज, फुरकान अली आदि मौजूद रहे।

## उर्स मुबारक पर हुई रूहानी महफिल



**रामपुर।** हजरत खतीबे आजम के सलाना 201 वां उर्स मुबारक के मौके मदरसा जामे उलूम फुरकानिया में असर की नमाज के बाद रूहानी महफिल हुई। अकीदतमंदों ने हजरत खतीबे आजम की दरगाह पर गुलपोशी भी की। इसके बाद तकरीर में उनकी जिन्दगी पर रोशनी डाली गई। बाद में शहर इमाम मौलवी नासिर खां ने दुआ कराई। इस मौके पर मुफ्ती शहर मौलवी मकसूद फुरकानी, नायब इमाम मौलवी फैजान खां, डॉ. शायर उल्लाह खां, मौलवी नासिर खां, मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां, मुकारिम उल्लाह खां, कारी राहिल अख्तर और मोहम्मद फैज शम्सी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा चौपाल समन्वय का माध्यम : मदन लाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ की न्याय पंचायत भोट के प्राथमिक विद्यालय तालबपुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल वर्मा, एआरपी अरुण कुमार सिंह, पारितोष चौहान के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया ।

खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा चौपाल का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं जन समुदाय के बीच संवाद बढ़ाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, बाल वाटिका के संचालन, बच्चों के नामांकन एवं उपस्थिति में सुधार लाने पर विशेष बल दिया गया है। एआरपी पारितोष चौहान ने अभिभावकों से शिक्षकों का सहयोग करने की अपील की, जिससे शिक्षा के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति की जा सके। एआरपी अरुण कुमार सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में संचालित सरकारी नीतियों, स्मार्ट क्लास, प्रिंट रिच सामग्री, टीएलएम एवं गणित किट आदि के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आह्वान किया। नोडल संकुल ताहिर अली ने शिक्षा चौपाल में बताया कि सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता निजी विद्यालयों से बेहतर है।कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मंच संचालन आलोक सक्सेना व मीनाक्षी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हिमेंद्र प्रताप, फरमान, आसिफ अली, निधि सक्सेना, इंतजार अहमद, अंकिता अरोरा, सादिया जावेद, ज्योति, शालू सैनी सहित न्याय पंचायत भोट के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




अभिभावकों को सम्बोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। –जागरण मोर्चा

## कड़ी सुरक्षा में होगी 9 व 10 अप्रैल को प्रयोगात्मक परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ परीक्षा के लिए 10 परीक्षकों की लगाई डयूटी

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि 9,10 अप्रैल को 12 वीं प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए राजकीय रजा इंटर कालेज को केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं से छूटे हुए परीक्षार्थियों को अंतिम अवसर देते हुए परीक्षा कराई जाएगी।

भौतिक विज्ञान के लिए परीक्षक को चंद्रशेखर सिंह को राजकीय बाकर इंटर कॉलेज, रसायन विज्ञान के लिए संजीव कुमार शर्मा को राजकीय इंटर कालेज शाहबाद, जीव विज्ञान के लिए ममता रानी को राजकीय खुर्शीद गर्ल्स, भूगोल के लिए विनोद कुमार को राजकीय हामिद इंटर कालेज, गृह विज्ञान के लिए स्वामी को रेशम प्यारी आदर्श बालिका इंटर कालेज, संगीत गायन के लिए संगीता शर्मा को राजकीय गर्ल्स इंटर कालेज नरपतनगर, आशुलिपि टंकण के लिए मुकेश कुमार राजकीय इंटर कालेज शाहबाद, कम्प्यूटर तकनीकी एवं रखरखाव के लिए सुरेश कुमार को राजकीय रजा इंटर कालेज रामपुर, बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी के लिए आराधना गुप्ता को खुर्शीद गर्ल्स इंटर कालेज, बुनाई तकनीक के लिए किशनपाल सिंह को हीरा इंटर कालेज मेंहदीपुर को डयूटी लगाई गई है।

## बच्चों को बांटे रिजल्ट, दिए गए पुरस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में रिपोर्ट कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को फूल मालाओं से सजाया। बोर्ड डेकोरेशन भी किया। कक्षा 5 में प्रथम स्थान सहर ने प्राप्त किया। वहीं कक्षा 4 में अलीजा, कक्षा 3 में रोनित, कक्षा दो में कशिश और कक्षा एक में हर्ष प्रथम स्थान पर रहे।

वहीं कक्षा 5 में द्वितीय स्थान नेहा व आशीष ने प्राप्त किया,तो कक्षा चार में कामिनी, कक्षा 3 में अयान ,कक्षा 2 में राधा व कक्षा एक में आफियां नूर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्रों को प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने उपहार देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में तृतीय चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया।साथ ही साथ कुछ कंसोलेशन प्राइसेज भी रखे गए जो की 100 प्रतिशत उपस्थिति, टेस्ट परफॉर्मेंस, डिसिप्लिन आदि में दिए गए। इसके अतिरिक्त पुरस्कारों की एक केटेगरी वह भी थी जिसमें कि जिन बच्चों में अत्यधिक सुधार देखने को मिला। विद्यालय के समस्त छात्रों को 100 प्रतिशत यूनिफॉर्म के लिए सम्मानित किया। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने सभी बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी व अन्य सभी बच्चों को भी और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के स्टाफ को भी एकजुट होकर गुणवत्ता शिक्षण में उनके बहुमूल्य योगदान हेतु प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने सम्मानित कर धन्यवाद अर्पित किया। इसके बाद कक्षा 5 पास करने वाले छात्रों का विदाई समारोह किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कई छात्र छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। तत्पश्चात प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने कक्षा 5 के समस्त छात्र-छात्राओं को भी उपहार देकर विदाई दी। इस अवसर पर सुमन सिंह, विक्रम कुमार, ज्योति, लखविंदर कौर, निदा खान आदि मौजूद रहे।




पुरस्कार के साथ मौजूद बच्चे एवं स्कूल का स्टॉफ। –जागरण मोर्चा

## पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को मिलेगा जमीनों का मालिकाना हक : आकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ शहर विधायक आकाश सक्सेना के प्रस्ताव पर लगी मुहर

**रामपुर।** पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को अब उनकी जमीनों का मालिकाना हक मिल सकेगा। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी, जिसके बाद अब सरकार ने कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) 2026 को मंजूरी दे दी है। जिसके बाद वर्षों से जमीनों का मालिकाना हक मांग रहे शरणार्थियों की यह मांग पूरी हो जाएगी।

आजादी के बाद पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को स्वार, मिलक खानम और रामपुर में आश्रय दिया गया था। यहां तक कि इन लोगों को जीविका चलाने के लिए कृषि भूमि भी दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी जमीनों का मालिकाना हक नहीं मिल सका था।रामपुर में ऐसे 2174 परिवार हैं। जिसके बाद पिछले दिनों कुछ परिवारों ने सामूहिक रूप से शहर विधायक आकाश सक्सेना से मुलाकात की थी और जमीनों पर मालिकाना हक देने के लिए गुहार लगाई थी। विधायक इन परिवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिले थे और यह पूरा प्रकरण उनके समक्ष रखा था।अब जाकर सात अप्रैल को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) 2026 को मंजूरी दे दी है। इसमें प्रत्येक परिवार को एक एकड़ भूमि तक का मालिकाना हक मिल जाएगा। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि इन परिवारों को इससे सबसे बड़ा यह लाभ होगा कि ये अपनी जमीनों को खरीद व बेच सकते हैं। उन्हें जमीनों पर बैंक ऋण भी आसानी से मिल जाएगा। इससे न सिर्फ इन परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी, बल्कि कारोबार भी आगे बढ़ा सकेंगे।

**फुटबॉल टूर्नामेंट** | दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

## 2–1 से हराकर कुंडेश्वरी ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब रामपुर के द्वारा आयोजित महत्मा गांधी स्टेडियम फिजिकल कॉलेज में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव डॉ. अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट के 11 वें मुकाबले में रुड़की और कुंडेश्वरी के बीच रोमांचकारी भिड़ंत देखने को मिली। मैच के मुख्य अतिथि डॉ. फराज खान और वरिष्ठ अतिथि अनिल ओर धर्मेन्द्र रहे।

पहले हाफ में मैच के दोनों ही तरफ से आक्रमण पर आक्रमण होते रहे पर कोई भी टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। पहले हाफ में रोमांचकारी दोनों टीमें खेल दिखाती रही। पहले हाफ के निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई ओर दोनों टीमें शून्य शून्य पर रही। दूसरे हाफ का खेल शुरू होते ही दोनों टीमें जोरदार खेल का प्रदर्शन करती रही। दूसरे हाफ के 42 मिनट में कुंडेश्वरी की टीम के खिलाड़ी अमन ने शानदार कीक लगाकर गोल में तब्दील कर अपनी टीम को एक शून्य की बढ़त दिला दी। रुड़की की टीम ने भी आक्रमण रूख अपना लिया। जोरदार प्रहार करने लगी। लेकिन गोल करने में नाकाम रही। मैच के 54 में मिनट में कुंडेश्वरी के सुमित के द्वारा शानदार पास को टच कर गोल में बदल दिया। जिसकी बदौलत कुंडेश्वरी की टीम 2-0 की बढ़त बनाई। रुड़की टीम की तरफ से विकाश ने मैच के 67 वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इस तरह से आज का तीसरा क्वार्टर फाइनल कुंडेश्वरी ने रुड़की को 2-1 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।



स्वार–रामपुर रोड स्थित महात्मा गांधी फिजीकल मैदान में फुटबाल खेलते खिलाड़ी। –जागरण मोर्चा

### मैच में रहे मौजूद

समाज सेवी मामून शाह, अभिषेक लाल, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान प्रकाश किस्टवाल, प्रतेश श्रीवास्तव राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू ,अमित चौहान, कन्नौज, नितिन, वरुण, रोनित, राज, इशू, कमेंटेटर विजेंद्र कुमार ओर जहीर आदि मौजूद रहे। उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश स्तरीय बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट का चौथा क्वार्टर फाइनल खेला जाएगा।

## विधायक पुत्र प्रकरण में जांच समिति की पूछताछ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** स्वार-टांडा विधायक के बेटे के प्रकरण में जांच कमेटी ने बुधवार को सीएचसी प्रभारी, बीपीएम के बयान दर्ज किए हैं। कमेटी का दावा है कि जल्द ही इसकी रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को दी जाएगी।

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार का स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने बेटे उमर अंसारी ने निरीक्षण करने गए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, दवा वितरण, लैब संचालन, डयूटी रजिस्टर और कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली थी। इस दौरान वह प्रभारी की कुर्सी पर बैठकर निर्देश देते नजर आए। जबकि सीएचसी प्रभारी खड़े होकर जानकारी देते दिखे। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक प्रोटोकाल और अधिकार क्षेत्र को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कुर्सी पर बैठने का सोशल मीडिया पर पूरे निरीक्षण के वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तरह- तरह की चर्चा हो रही हैं। कुछ लोग इसे सत्ता की हनक बता रहे हैं तो कुछ लोग इसे सत्ता का दुरुपयोग करना बता रहे हैं। वहीं सीएचसी प्रभारी की ओर से अपनी कुर्सी छोड़कर विधायक के बेटे को कुर्सी पर बैठाकर स्वयं खड़े होकर अस्पताल के बारे में जानकारी देना भी अपने आप में एक सवाल खड़ा करता है। इस प्रकरण को लेकर सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने जांच कमेटी से रिपोर्ट मांगी है। कमेटी में शामिल डॉ.सत्यमूर्ति तोमर, डॉ.आरके वर्मा ने सीएचसी पहुंचकर प्रभारी डॉ. राजीव चंदेल, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अमान के बयान दर्ज किए हैं।



## एक नजर

### पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आज

**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक एजूकेशन कालेज में गुरुवार को पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा अधीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के निर्देश पर संपन्न कराई जा रही है। प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आरंभ दोपहर 12 बजे से किया जाएगा।

### तेंदुए ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला, ग्रामीणों में दहशत

**कांठ।** छजलैट क्षेत्र के ग्राम सीमला में बीती रात्रि तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। तेंदुए के हमले के बाद ग्रामीणों में दहशत का वातावरण छाया हुआ है। छजलैट क्षेत्र के ग्राम सीमला में किसान अतर सिंह पुत्र मेवाराम के कुत्ते को बीती रात तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया। प्रातः काल कुत्ते के अस्थि पंजर देखकर ग्रामीण आश्चर्यचकित रह गए। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल है। किसान अपने खेतों पर कृषि कार्य हेतु नहीं जा रहे हैं। बच्चों को अकेला बाहर नहीं दे रहे हैं।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोचा पिता-पुत्र की हत्या का आरोपी

## आरोपी के साथी चल रहे फरार, पुलिस आरोपी व वाहन की तलाश में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**चन्दौसी।** धनारी पुलिस ने पिता-पुत्र की हत्या कर शव कोतवाली शामली के काबडौत में खेतों में डाल दिया। आरोपी उनकी कार को लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। जबकि दो अन्य आरोपी व कार की तलाश में जुटे हुई है।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव मलुआ के घेर भिरावटी निवासी रामसरन पुत्र विशम्बर ने थाने में तहरीर दी थी। जिसमें कहा था कि उसके भाई नरेश 41 वर्ष व भतीजा 19 वर्ष 2 अप्रैल की शाम 7 बजे अपनी बुलेरो लेकर मेरठ लेवर लेने के लिए अज्ञात लोगों की बुकिंग पर गए थे। उस दिन रात 10.15 बजे उनकी बात मोबाइल पर हुई थी। उसके बाद भाई का मोबाइल बंद हो गया। इसके बाद रामसरन अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ मेरठ के टोल प्लाजा व रास्तों पर काफी खोजबीन की मगर कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आसपास के जनपदों में तलाशी की। 7 अप्रैल को कोतवाली शामसी क्षेत्र के काबडौत के खेतों में दो शव मिले। जिनकी शिनाख्त नरेश व भीमसैन के रूप में हुई। पुलिस को सर्विलांस के सहयोग से घटना में शामिल आरोपी मनोज निवासी चिंजरी थाना मूसाझाग जनपद बदायूं का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। बुधवार को चेकिंग के दौरान मनोज मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसका उपचार सीएचसी बहजोई में कराया गया है। घटना में आरोपी के साथ अरविंद व संतोष निवासीगण ग्राम रझेड़ा सलेमपुर थाना कैलादेवी भी शामिल थे। आरोपी ने बताया कि वाहन लूटने के उद्देश्य से नरेश व भीमसैन की गाड़ी भाड़े पर ले जाकर उनकी हत्या कर दी और शव शामसी क्षेत्र के खेतों में छिपा कर उनका वाहन लूट ले गए। पुलिस ने फरार चल रहे दोनों आरोपी व वाहन की तलाश में जुटी है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## विभागों की खींचतानः अटका सड़क निर्माण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** नगर में पुराने बस स्टैंड के सामने से 200 मीटर एवं रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग से छजलैट तक लगभग 8 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य विभागों में परस्पर सामजस्य नहीं होने के कारण अधर में लटका हुआ है।

सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तक लगभग 12 किलोमीटर दूरी तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य होना था। सड़क चौड़ीकरण का कार्य लगभग सात महा पूर्व शुरू हुआ था। ईदगाह नई बस्ती से कुमार फिलिंग स्टेशन कांठ तक एवं रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग से छजलैट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधर में छूटा हुआ है। ईदगाह नई बस्ती से कुमार फिलिंग स्टेशन तक लगभग 200 मीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नहीं किया गया है। 200 मीटर की दूरी तक सड़क की एक साइड पीडब्ल्यूडी विभाग ने एक ओर बजरी डाल दी है। इस कारण से सड़क की एक साइड ऊंची नीची होने के कारण अनेक चार पहिया वाहन पलट चुके हैं और यात्री गुड्डों में ठोकरें खाकर चोटिल हो रहे हैं।



नामित सभासदों को सम्मानित करते अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

## ऊमरी कलांः प्रस्ताव पारित, सभासद हुए सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** नगर पंचायत ऊमरी कला में शासन द्वारा नामित सभासदों का फूल मालाऐं पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

नगर पंचायत ऊमरी कलां में नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में ऊमरी कलां नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान अली ने शासन से नामित सभासद डॉक्टर लईक अहमद, अनिल दिवाकर,सतीश दिवाकर को बुके देकर और माला पहनाकर सम्मान किया और पब्लिक इंटर कॉलेज में खेल का मैंदान, मोहल्ला चौधरियान में लाइब्रेरी, चिल्ड्रन पार्क का मोहल्ला पछइयान में निर्माण, प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प, मोहल्ला पछइयान में सीसीडी रोड का निर्माण, नगर की आय बढ़ाने के लिए भवन मानचित्र विधि बनाने पर विचार विमर्श, साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने पर विचार किया गया। इस अवसर पर शहाना शमीम, मीनू मेंबर, अतीक अहमद, फरजाना खातून, नफीस सैफी, यूनुस, शादाब जहां, रेशमा खातून आदि रहे।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार की हुई मौत, मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के संभल-चन्दौसी मार्ग पर कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया और शव घर ले गए। वहीं चालक कार लेकर फरार हो गया।



मृतक का फाइल फोटो।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली के मोहल्ला तेलीवाला कुआ निवासी सुलेमान ठेकेदार 53 वर्ष पुत्र नबीजान बुधवार की सुबह 10.30 बजे स्कूटी से चन्दौसी आ रहे थे। स्कूटी सवार संभल-चन्दौसी मार्ग पर बेरिया वाली ज्यारत के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में सुलेमान दूर जा गिरे और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची और उपचार के लिए नरौली सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। मगर परिजनों ने घायल को उपचार के लिए चन्दौसी के निजी हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया और शव घर ले गए।

## एंटी रोमियोः सुरक्षा के प्रति जागरूकता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा व उनको स्वालंबन के लिए जिले में मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) चलाया जा रहा है। बुधवार को मिशन के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडिल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (उत्तरी) कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी एवं सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन करके उनको जागरुक किया गया। इसके साथ ही मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम की पुलिस कर्मियों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर शासन व पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वुमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेंसी काल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि इस योजना से महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।



कोतवाली मे महिलाओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम।

## अक्रूरजी शोभायात्रा की तैयारियों में जुटे संगठन के कार्यकर्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की ओर से 11 अप्रैल को श्री अक्रूरजी महाराज की जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर संगठन की ओर से तैयारियां तेज हो गई है। संगठन के कार्यकर्ता शोभायात्रा की तैयारियों में दिन रात जुटे हुए हैं और श्रीअक्रूरजी की जन्मोत्सव को यादगार बनाया चाहते हैं। शोभायात्रा में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों से श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभायात्रा में श्री अक्रूरजी महाराज की पीतल की प्रतिमा के साथ कृष्ण और बलराम के मिलन की मनमोहक झांकियां शामिल रहेगी। उद्योगपति मौसम गुप्ता की ओर से श्री अक्रूरजी महाराज की पीतल की मूर्ति भेंट की। लोग अपने घरों के बाहर तोरण द्वार बनाकर अक्रूरजी महाराज के आगमन की तैयारी कर रहे हैं। शोभायात्रा मार्ग पर आधुनिक लाइटिंग लगाई जा रही हैं ताकि शोभायात्रा की चमक रात के समय भी बनी रहे। नगर पालिका द्वारा जगह-जगह श्री अक्रूरजी महाराज के लिए स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। इस अवसर पर संगठन के प्रभात कृष्णा, अमित केएस, अनुज वार्ष्णेय, अमित चौधरी, मयंक वार्ष्णेय, देवेंद्र गुप्ता, मंतेश वार्ष्णेय, प्रमोद गुरु, लकी वार्ष्णेय, रितिक, बृजेश वार्ष्णेय, अनीस कुमार, तुषार कुमार, कृष्णा वार्ष्णेय, अरुण वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## फायर सेफ्टी ले संम्बंध में किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** बुधवार को महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से फायर सेफ्टी पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फायर पुलिस विभाग की टीम ने विद्यालय में पहुँचकर आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों एवं प्राथमिक सुरक्षा तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान फायर पुलिस कर्मियों ने विद्यार्थियों को फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। छात्र-छात्राओं ने इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न सुरक्षा उपायों को ध्यानपूर्वक समझा।



## परामर्श केंद्रः समझौता संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन और कुलदीप सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं क्षेत्रधिकारी डा. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक नगर के गौशाला रोड पिंक चौकी स्थित परामर्श केंद्र में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। बुधवार को जहां कुल 18 पत्रावली आई और उनको सुनकर 1 पत्रावली का निस्तारण किया गया। इसके साथ 1 पत्रावली पर बल ना देने व अन्य कारण से उस पत्रावली को बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

## सरकड़ा में होगा हरि कथा का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** ग्राम सरकड़ा बिश्नोई में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक सात दिवसीय श्री जम्भ वाणी हरि कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें कांठ क्षेत्र से बिश्नोई समाज के भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ उठाएंगे। यह जानकारी देते हुए ग्राम सरकड़ा बिश्नोई समिति आयोजक विशाल बिश्नोई ने बताया कि हरियाणा प्रदेश प्रभारी भाजपा भव्य बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच रहे हैं। उनके द्वारा मंदिर में कलश स्थापना,मंदिर का उद्घाटन और पौधारोपण किया जाएगा उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को प्रातः हवन और दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे का आयोजन हरथला निवासी श्याम सिंह बिश्नोई द्वारा किया जा रहा है।



मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाए। -जागरण मोर्चा

## बालकों एवं छात्राओं के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बहजोई स्थित कृष्ण मुरारी मनोरमा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'मिशन शक्ति 5.0' के द्वितीय चरण के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए इस आयोजन में वन स्टॉप सेंटर की बबीता रानी, पूजा सिंह और केस वर्कर प्रज्ञा शर्मा ने छात्राओं को सुरक्षा और स्वावलंबन के गुर सिखाए। अधिकारियों ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन और बाल सेवा योजना जैसी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को आपात स्थिति के लिए 1098, 181, 112 और 1076 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बाल विवाह और बाल श्रम जैसी कुरीतियों के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया गया।

## पुरानी रंजिश के चलते पिता व पुत्र से की मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते पिता पुत्र को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना पुलिस ने घायलों का उपचार के भेज कर चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम भैंसली जमालपुर निवासी महिला सकुनत पत्नी नन्हें ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 6 अप्रैल को समय 6:10 पर उसके पति नन्हें एवं बेटा विशाल गांव से जा रही बारात को देखने गए थे। वहीं पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही सुभान, सलमान, जीशान, नौशाद आदि उन्हें रास्ते में घेर लिया और पुरानी रंजिश के चलते जमकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लोगों ने बड़ी मुश्किल से उन्हें बचाया।



फव्वारा चौक पर पूतला फुंकते बजरंग दल के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का पुतला फूंक की जमकर नारेबाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से फव्वारा चौक पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला फूंका। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने जमकर प्रदर्शन किया। बजरंग दल के नगर संयोजक आशीष तूफानी ने कहा कि असम राज्य में चुनावी जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सनातन विरोधी बयान दिया। जिसमें कहा कि आरएसएस व भाजपा जहरीले सांप है, जिन्हें मारना जरूरी है। ऐसे बयान से हिन्दुवादी संगठनों में रोष व्याप्त है। राजनेताओं को इस तरह के बयान देने से बचना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के नगराध्यक्ष दीपेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस एक आतंकवादी मानसिकता की पार्टी है। राहुल गांधी ने भी पूर्व में एक बयान दिया था।

**आशीर्वचन** कार्यक्रम में हुआ महाआरती का आयोजन

# निरंजन पीठाधीश्वर से सैकड़ों भक्तों ने लिया आशीर्वाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बहजोई में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर डा. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज कथा का वाचन किया जा रहा है।

निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर डा. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज बुधवार की दोपहर रामस्वरूप रोड स्थित जैन पैलेस में पहुंचे। इसके पश्चात नरौरा राजघाट से आए ब्राह्मणों ने महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भी मौजूद रहे। आरती के उपरांत निरंजन पीठाधीश्वर से बारी-बारी से अपने भक्तों चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लिया। निरंजन पीठाधीश्वर के दर्शन व आशीर्वाद लेने के लिए काफी संख्या में भक्त गण पहुंचे थे। पीठाधीश्वर ने कहा कि हमेशा दूसरों के भले के विषय में कार्य करना चाहिए। हमें किसी से ईर्ष्या करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि ईर्ष्या करने वाला मनुष्य कभी पनपने नहीं देती। इसलिए सभी के साथ मिलकर व देश हित में कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया, मुरादाबाद के मेयर विनोद कुमार अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी, मौसम गुप्ता, अंकित जैन, मोहित जैन, फूल प्रकाश, अभिनव शर्मा, अरविंद गुप्ता, परमेश्वर लाल सैनी, पंकज शर्मा, राहुल अग्रवाल, अनुराग मित्तल आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद निरंजन पीठाश्वर डा. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज।



कार्यक्रम में महाआरती करते ब्राह्मण व मौजूद महाराज जी।

# अंबेडकर जयंती शोभायात्रा की अनुमति को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में आगामी 19 अप्रैल को आयोजित होने वाली डा. भीमराव अंबेडकर जयंती शोभायात्रा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पिछले वर्ष की भांति ही शोभायात्रा के लिए अनुमति प्रदान की जाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि गांव कैथल में हर वर्ष अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाई जाती है। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी भव्य शोभायात्रा आयोजित करने की तैयारी है। ग्रामीणों ने मांग की कि शोभायात्रा की अनुमति पूर्व की भांति अध्यक्ष दीपक कुमार पुत्र नरेश चंद्र को ही प्रदान की जाए, जो वर्ष 2025 से इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। इसी कारण गांव के अधिकांश लोग चाहते हैं कि आयोजन की जिम्मेदारी दीपक कुमार को ही सौंपी जाए। इस दौरान भुवनेश, जयवीर सिंह, विकास, विमल, सुभाष, शिवराज समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



तहसील परिसर में प्रदर्शन करते अंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारी।

एक नजर

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, बर्खास्त सिपाही पर मुकदमा दर्ज

**हसनपुर।** शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ शारीरिक शोषण करने के मामले में मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बर्खास्त सिपाही के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक के सख्त आदेशों के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी सिपाही वर्ष 2012 में हसनपुर कोतवाली में तैनात था। इस दौरान उसका परिचय सिपाही से हुआ। आरोप है कि सिपाही ने युवती को शादी का झांसा दिया और लंबे समय तक उसका यौन शोषण करता रहा। पीड़िता का कहना है कि जब उसने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसे टालमटोल कर धोखा दिया। सूत्रों के अनुसार, आरोपी सिपाही वर्तमान में फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी हासिल करने के आरोप में पुलिस विभाग से बर्खास्त चल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए थे।

# हाईवे पर कैंटर और कंटेनर की भिड़त के बाद लगी आग

## दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** गजरौला में नेशनल हाईवे 9 पर बुधवार तड़के चार बजे एक बड़ा हादसा हुआ। मुरादाबाद की ओर जा रही एक डीसीएम का टायर फटने से वह अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा से लदे कंटेनर से टकरा गई। इस टक्कर के बाद डीसीएम के टायरों में आग लग गई, जिसने जल्द ही ई-रिक्शा से लदे कंटेनर को भी अपनी चपेट में ले लिया।

हाईवे पर आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। FSO कमलेश मिश्रा ने बताया कि आग बुझाने के लिए गजरौला स्टेशन से दो और अमरोहा स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं।

यह घटना गजरौला थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 9 पर झनकपुरी के पास हुई। हादसे में कंटेनर में लदे नए ई-रिक्शा पूरी तरह जलकर खाक हो गए, जिससे भारी नुकसान हुआ है। गजरौला इंस्पेक्टर मनोज कुमार के अनुसार, डीसीएम का टायर फटने और उसके अनियंत्रित होने के कारण यह हादसा हुआ। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने पुष्टि की है कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है।

## चिंतन शिविर हेतु भाकियू ने किया जनसम्पर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** आगामी 9 10 अप्रैल को दो दिवसीय चिंतन शिविर को लेकर भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ दर्जनभर ग्रामों में जनसंपर्क किया। आगामी 9 व 10 अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन ने दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया है। महत्वपूर्ण मासिक चिंतन शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड, गन्ने की प्रजातियां, नहरों में टेल तक पानी, किसान भवन के अधर में लटके निर्माणकार्य, ऊमरी से राणा नंगला के बाद गांगन नदी की खुदाई आदि समस्याओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अंगद चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के ग्राम फूलपुर मिठनपुर नगला योगराज सियाली ढांकी छजलैट पचोकरा आदि दर्जन ऑन पर ग्राम में जनसंपर्क किया। उन्होंने बताया कि इस बार में मासिक चिंतन शिविर में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

# मिशन शक्ति' के तहत सिखाए आत्मरक्षा के गुर, निकाली गई जागरूकता रैली

जागरण मोर्चा कार्यालय



छात्राएं जागरूकता रैली निकालते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 'मिशन शक्ति फेज 0.5' के द्वितीय चरण के अंतर्गत नारी सुरक्षा और स्वावलंबन पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बुधवार को कोतवाली की एंटी रोमियो टीम और महिला कल्याण विभाग ने संयुक्त रूप से छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग किया।कार्यक्रम का नेतृत्व एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार और महिला उपनिरीक्षक नेहा नेहरा ने किया। टीम ने छात्राओं को विषम परिस्थितियों में आत्मरक्षा के गुर सिखाए और उन्हें निर्भीक बनने का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के लिए अनिवार्य हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1930, 1098 और 1076 के उपयोग की जानकारी दी।कार्यक्रम के बाद छात्राओं ने साइकिल रैली निकाली, जो विद्यालय से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक गई। रैली के माध्यम से कन्या सुमंगला योजना, पेंशन योजना, सामूहिक विवाह और अभ्युदय योजना का व्यापक प्रचार किया गया। हेड कांस्टेबल दिलशेर जहान, कांस्टेबल डोली और काजल ने छात्राओं को इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कुमकुम ने पुलिस और महिला कल्याण विभाग की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर ममता दुबे, करुणा यादव और खालिदा नसरीन समेत स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें सरकार द्वारा प्रदान किए गए सुरक्षा तंत्र से अवगत कराना था।

# कॉज़-वे निर्माण का शिलान्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय




**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा ने धनौरा क्षेत्र के अंतर्गत चकनवाला वाह नदी के बीच निर्मित वेंटेड कॉज़-वे का भूमि पूजन व शिलान्यास किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि इस वेंटेड कॉज़-वे के निर्माण से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से हो रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी। विशेषकर बरसात के मौसम में जब नदी में पानी बढ़ जाता था, तब लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस कॉज़-वे के बन जाने से वर्षा ऋतु में भी आवागमन सुचारु रूप से जारी रहेगा। कहा कि इस निर्माण कार्य से आसपास के कई गांवों की आपसी कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भी काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाएं भी अब आसानी से क्षेत्र तक पहुंच सकेंगी। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव रंजन , एई रणवीर सिंह, निहार त्यागी, मंगत सिंह, दुष्यंत, सतवीर सिंह, कपिल भड़ाना, सतपाल पाल, पवन, सुशील, अमन, उत्तम सिंह, प्रेमपाल, हरपाल, कृष्ण, संजीव, मोहित आदि मौजूद रहे।

## जलभराव से बेहाल बाईखेड़ा का बाईपास मार्ग, कीचड़ से होकर गुजरी शव यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** ब्लाक क्षेत्र के गांव के बाईपास मार्ग पर जलभराव की गंभीर समस्या ने प्रशासन की पोल खोल दी है। मंगलवार को गांव बाई खेड़ा निवासी चंद्रसेन वह बुधवार को 65 वर्षीय मोहन खड़गवंशी के निधन के बाद ग्रामीणों को उनकी शव यात्रा गंदे पानी और कीचड़ के बीच से निकालकर पूठ गंगा घाट ले जानी पड़ी। गांव के बाई पास मार्ग पर जमा गंदे पानी ने न केवल ग्रामीणों की परेशानी बढ़ाई, बल्कि व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बांईखेड़ा मिलक से गंगा चोली मार्ग पर जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। घरों का गंदा पानी कच्ची सड़क पर जमा रहने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। अजयपाल सिंह, नौबत सिंह, नेतराम, डोरी समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायतें कीं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। वहीं, ग्राम प्रधान पुत्र राजेंद्र सिंह ने इसे अपने कार्यक्षेत्र से बाहर बताया है।

# बसपा बैठक में हंगामा, कलाकारों में मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ इनाम पर विवाद, रागनी गायकों में नोकझोंक, बसपा जिलाध्यक्ष की सफाई

**हसनपुर।** नगर स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित एक राजनीतिक दल की बैठक में हंगामें के बाद मारपीट की चर्चाएं नगर में आग की तरह फैल रही है, वही संबंधित राजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया की रागनी कलाकारों में इनाम को लेकर हंगामा हुआ था कार्यकर्ताओं से इसका कोई लेना-देना नहीं, वहीं पुलिस प्रशासन भी जानकारी से इनकार कर रहा है।

नगर के बाईपास स्थित एक बैंकट हॉल में मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती की तैयारियों को लेकर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में बसपा के जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट सहित कई पदाधिकारी पहुंचे थे,सूत्रों की माने तो यह कार्यक्रम बसपा के एक संभावित विधानसभा प्रत्याशी एवं सपा सरकार खनन का कार्य करने वाले एक पूर्व ब्लाक प्रमुख द्वारा आयोजित किया गया था। विचार गोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब की जयंती मनाने वाली समितियां मुलाकात करना था। सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम के बीच में मंच के निकट दो लोगों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई और फिर मारपीट होने लगी। जिसका बैठक में उपस्थित कुछ लोगों द्वारा वीडियो भी बनाया गया। गोष्ठी में मारपीट के बाद अफरातफरी का माहौल दिख रहा है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक आधिकारिक तौर पर वीडियो की पुष्टि नहीं हो सकी थी। हालांकि बहुजन समाज पार्टी कि इस गोष्ठी में पार्टी के कुछ पदाधिकारी ने हिस्सा नहीं लिया, अगर अभी से ही पार्टी में गुटबाजी चली तो विधानसभा चुनाव कैसे जीत पाएंगे। बसपा जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि गोष्टी के दौरान रागनी गायको में इनाम को लेकर नोंक झोंक हो गई थी कार्यकर्ताओं का इससे कोई लेना-देना नहीं है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि ऐसा कोई भी मामला उनके संज्ञान में नहीं है अगर तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्र सेवी संगठन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय


राष्ट्र सेवी संगठन प्रदर्शन करते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** क्षेत्र की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय सेवी संगठन के द्वारा एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा और समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की,समाधान न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई।

बुधवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के प्रांगण में राष्ट्र सेबी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र हुए और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि पात्र लोगों के राशन कार्ड कई महीने पूर्व सप्लाई विभाग द्वारा काट दिए गए हैं, जिससे पात्र व्यक्ति परेशान है, वही सप्लाई इंस्पेक्टर उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाते हैं और ना ही समय से कार्यालय में मिलते हैं। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से सरकार द्वारा सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीदारी करने की घोषणा के बाद भी तहसील क्षेत्र में केंद्रो पर गेहूं की खरीदारी नहीं की जा रही अतः जल्द केंद्रों को चालू कराया जाए। इसी के साथ उन्होंने नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को न मिलने की बात कही। इसी के साथ उन्होंने इन सभी समस्याओं का समाधान जल्द करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, मोनू अग्रवाल, गजराज सिंह, भूपेंद्र सिंह, संजीव कुमार, चुन्नीलाल, भरत सिंह, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

## भाकियू की मासिक पंचायत आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों ने प्रत्येक बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार को लगभग 150 मीटर खादगूजर तिराहे की तरफ कराने की मांग की, साथ ही बिजली और आवारा पशुओं की समस्याओं के मुद्दे भी सामने रखे। बुधवार को फाजलपुर स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय परिसर में हुयी पंचायत में किसानों ने कहा कि गर्मी में बिजली की व्यवस्था सुचारु रूप से की रखी जाए, सभी लाइनमैनों को फाल्ट समय से ठीक करने के लिए कहा जाये। आवारा पशुओं व जंगली जानवरों को पकड़वाकर गौशालों को भिजवाया जाए। फूंके हुए ट्रांसफार्मरों को तत्काल ठीक करवाया जाए।

# किसान संघ की ब्लॉक स्तरीय पंचायत

जागरण मोर्चा कार्यालय



भारतीय किसान संघ ज्ञापन देते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** बुधवार को भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक विकासखंड के पंचायत भवन रहरा में आयोजित हुई,जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया और जिलाधिकारी के नाम संबोधित छः सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी रहरा को सौंपा गया।

बैठक में चन्द्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि हर घर नल हर घर जल योजना के अंतर्गत बनाई गई पानी की टंकिया जिले के अधिकांश गांवों में केवल सफेद हाथी की तरह खड़ी हैं उनको शीघ्र चालू कराया जाए। जिससे ग्रामवासियों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध हो सके और दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़के खोदी गई थी वो अभी तक ठीक नहीं कराई गई है। जिससे ग्राम वासियों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,उन्हें ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता की घोषणा के बिना उपभोक्ता की अनुमति के स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे। जिसका भाकियू संघ स्वागत करता है, किसान निराश्रित गौवंशीय पशुओं से परेशान है जिन्हें पकड़वाकर गौशालाओं में भिजवाया जाए। बैठक में संगठन के विस्तार के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में अखिलेश शास्त्री, कुवंरपाल सिंह, संजय सिंह, डॉ लल्तू चौहान, मनोज शर्मा, पंकज चौहान, मनोहर सिंह, तेजपाल सिंह सैनी, जितेंद्र सिंह, भूदेव सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## अखिलेश से जनता को आसः भूपेंद्र सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी की पीडीए चौपाल में पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि किसान हों या चाहे नौजवान हर कोई भाजपा की गलत नीतियों, महंगाई, छुट्टा पशुओं व बेरोजगारी की समस्या से तंग आकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ आशाभरी निगाहों से देख रही है। आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सत्ता से विदाई तय है। बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव सादपुर व गन्दासपुर के ग्रामीणों ने अपने ट्रैक्टरों पर समाजवादी पार्टी के झंडे लगाकर भूपेंद्र चौधरी का ढ़ोल नगाड़ों से स्वागत किया। सादपुर में आयोजित चौपाल में भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस बार प्रदेश में समाजवादी पार्टी की लहर चल रही है।

महाकुंभ | मलेशियाई एक्सपर्ट डॉ . नोरातिका की मौजूदगी में देश-दुनिया के विशेषज्ञ साझा करेंगे अनुभव

# टीएमयू की डेंटल कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के दिग्गज जुटेंगे

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय में ओरल मेडिसिन एवं ओरल पैथोलॉजी की एक्सपर्ट डॉ. नोरातिका बिंती अवांग हाशिम की रहेगी ख़ास मौजूदगी, कॉन्फ्रेंस में यूपी के संग-संग दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु के एक्सपर्ट्स करेंगे शिरकत।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर देश और दुनिया के जाने-माने एक्सपटर्स जुटेंगे। ब्लेंडेड मोड में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का 10 अप्रैल को ऑडी में शुभारम्भ होगा। मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय में ओरल मेडिसिन एवं पैथोलॉजी की एक्सपर्ट डॉ. नोरातिका बिंती अवांग हाशिम बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहेंगी। साथ ही विष्णु डेंटल कॉलेज, आंध्र प्रदेश के प्रिंसिपल डॉ. ए.वी. रामा राजू, बाबा कीनाराम स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, चंदौली के डॉ. पीयूष शिवहरे, मौलाना आज़ाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, नई दिल्ली में जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा के एचओडी डॉ. विक्रांत मोहंती, सिंहगढ़ डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पुणे के डॉ. विनीत विनय, कॉर्पोरेट एआई ट्रेनर प्रक्षित खन्ना, डॉ. ज़ेडए डेंटल कॉलेज, एएमयू अलीगढ़ में ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के डॉ. प्रद्युम्न वर्मा भी अपना व्याख्यान देंगे। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज की डायरेक्टर गवर्नेंस नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य एवम् कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल एवं कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. अंकिता जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस में 200 रिसर्च पेपर्स और 150 पोस्टर्स भी प्रस्तुत किए जाएंगे। यह जानकारी साझा करते हुए तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की वाइस प्रिंसिपल एवं कॉन्फ्रेंस सचिव डॉ. अंकिता जैन ने बताया, कॉन्फ्रेंस में अनुसंधान, नवाचार, ग्रामीण सेवा, सामुदायिक आउटरीच और शैक्षणिक प्रदर्शन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार और सम्मान भी दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य स्टुडेंट्स, इंटर्न, रिसर्चर्स और फैकल्टीज़ को वैज्ञानिक और नैदानिक उन्नति में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। सम्मेलन का उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और साक्ष्य-आधारित दंत चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के टीएमयू के दृष्टिकोण को मजबूत करने के संग-संग स्टुडेंट्स को मौखिक स्वास्थ्य देखभाल में वैश्विक दृष्टिकोण से रूबरू कराना है। डॉ. जैन ने बताया, कॉन्फ्रेंस में उच्च स्तरीय पैनल चर्चा भी होगी।

# पत्रकारिता की आड़ में चल रहा था अवैध क्लीनिक, स्वास्थ्य विभाग ने किया सील

जागरण मोर्चा कार्यालय


रहरा सीएचसी प्रभारी कार्रवाई करते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक के थाना आदमपुर स्थित ढवारसी अड्डे पर पत्रकारिता की आड़ में चल रहे एक बड़े फर्जीवाड़े का स्वास्थ्य विभाग ने भंडाफोड़ किया है। संभल निवासी एक युवक खुद को पत्रकार बताकर न केवल अवैध क्लीनिक संचालित कर रहा था, बल्कि प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए रहरा सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी के विरुद्ध भ्रामक खबरें भी प्रकाशित करता था। बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर डॉ. शशांक चौधरी ने टीम के साथ उक्त क्लीनिक पर छापेमारी की। विभाग को मौके पर कोई भी वैध डिग्री या पंजीकरण नहीं मिला। कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी क्लिनिक संचालक मौके से फरार हो गया। विभाग ने तत्परता दिखाते हुए क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।रहरा सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि आरोपी अपनी पत्रकारिता की पहचान का उपयोग झोलाछाप डॉक्टरों से वसूली करने और स्वास्थ्य अधिकारियों को डराने के लिए करता था। इस घटना ने क्षेत्र में हड़कंप मचा है। प्रशासन अब ऐसे अन्य फर्जीवाड़ा करने वाले तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

संपादकीय

# शिक्षा और भाषा में हो राजनीति का संतुलन

शिक्षा में एकरूपता और समान अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखना चाहिए। इसका मकसद न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना है, बल्कि भारत की बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त करना है। लेकिन हालिया घटनाक्रम बताते हैं कि यह नीति अब शिक्षा से अधिक राजनीति का विषय बनती जा रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा हिंदी थोपने के आरोपों ने इस बहस को और तीखा किया है। तीन-भाषा फार्मूले को लेकर उठे सवालों ने साफ किया है कि भाषा का मुद्दा केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि गहरे राजनीतिक और सांस्कृतिक संदर्भों से जुड़ा है। स्टालिन का तर्क है कि यह नीति गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर अप्रत्यक्ष रूप से हिंदी को अनिवार्य बनाने की दिशा में कदम है, जो संघीय ढांचे और भाषाई विविधता के लिए चुनौती हो सकता है। दूसरी ओर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि नीति का उद्देश्य किसी भाषा को थोपना नहीं, बल्कि मातृभाषा और बहुभाषावाद को बढ़ावा देना है। उनके अनुसार, यह नीति छात्रों को अधिक अवसर और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती है। वास्तविकता यह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में किसी भी भाषा को अनिवार्य नहीं किया गया है। इसके बावजूद, इस मुद्दे का राजनीतिकरण यह संकेत है कि चुनावी राजनीति में भाषा एक संवेदनशील और प्रभावशाली हथियार बनी हुई है। असल सवाल यह नहीं कि हिंदी बनाम अन्य भाषाएं, बल्कि यह है कि क्या शिक्षा नीति को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए? दरअलस, भारत की ताकत उसकी विविधता में निहित है। हिंदी हो या तमिल, तेलुगु या कन्नड़ हर भाषा देश की सांस्कृतिक धरोहर है। ऐसे में जरूरी है कि भाषा को संघर्ष का नहीं, संवाद और समन्वय का जरिया बनाया जाए। शिक्षा नीति को राजनीतिक विवादों से ऊपर छात्रों के भविष्य और देश की प्रगति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

# हार की हताशा तो नहीं, ट्रंप का 'पाषाण' युग!

मानव सभ्यता का इतिहास केवल बीते समय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि विकास की उस लंबी यात्रा का दस्तावेज है, जिसने आदिम जीवन से आधुनिक वैज्ञानिक युग तक का मार्ग प्रशस्त किया। पाषाण और पुरापाषाण काल से आरंभ होकर यह यात्रा कृषि, नगरों, औद्योगिक क्रांति और डिजिटल तकनीक तक पहुंची है। यही कारण है कि इतिहास को वर्तमान की प्रयोगशाला कहा जाता है, जहां अतीत की गलतियों और उपलब्धियों से भविष्य की दिशा तय होती है। इसी संदर्भ में जब आधुनिक विश्व की राजनीति में ऐसे बयान सामने आते हैं, जिनमें किसी राष्ट्र को 'पाषाण युग में पहुंचाने' की बात कही जाती है, तो यह केवल एक आक्रामक टिप्पणी नहीं रह जाती, बल्कि मानव सभ्यता की संपूर्ण विकास यात्रा के प्रति असंवेदनशीलता उजागर होती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को लेकर दिया गया ऐसा ही बयान वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बन गया है। पाषाण युग वह समय था, जब मनुष्य ने अपने अस्तित्व के लिए प्रकृति से संघर्ष करना शुरू किया था। उसके बाद हजारों वर्षों में समाज, संस्कृति, विज्ञान और तकनीक का विकास हुआ।

ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या कोई भी आधुनिक राष्ट्र या नेता अपनी महत्वाकांक्षा के चलते इस पूरी विकास यात्रा को नकार सकता है? तो शायद नहीं। दरअसल, इतिहास का अनुभव बताता है कि सभ्यताओं को मिटाने की कोशिशें कभी स्थायी नहीं रही हैं। वर्तमान में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष वैश्विक शांति और स्थिरता को गंभीर चुनौती बना हुआ है। यह संघर्ष अब केवल सीमित क्षेत्रीय विवाद नहीं रहा, बल्कि इसके प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा के कारण तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे ऊर्जा संकट गहराने लगा है। भारत जैसे देशों के लिए, जो ऊर्जा के आयात पर निर्भर हैं, यह स्थिति आर्थिक दबाव को और बढ़ा सकती है। वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, महंगाई और आपूर्ति संकट के संकेत स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। ऐसे समय में विश्व नेतृत्व से संयम, दूरदर्शिता और कूटनीतिक समझ की अपेक्षा किया जाना स्वाभाविक है, लेकिन जब शक्तिशाली नेतृत्व ही उग्र और धमकी भरी भाषा का प्रयोग



करे, तो हालात और जटिल हो जाते हैं।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं देता। और जब यह युद्ध बेहद विधवंशक हो जाए तो परिणाम किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहते हैं, इसका खामियाजा तो मानवता को उठाना पड़ता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए परमाणु हमलों के बाद भी अंततः शांति का मार्ग संवाद और समझौते से ही निकला। इस त्रासदी ने मानवता को यह सिखाया कि विनाश की चरम सीमा भी समाधान नहीं बन सकती। आज के संदर्भ में, बेंजामिन नेतन्याहू और डोनॉल्ड ट्रंप जैसे नेताओं की आक्रामक नीतियां बताती हैं कि त्वरित जीत की लालसा एवं जिद किस तरह दीर्घकालिक वैश्विक अस्थिरता को जन्म देती है। इसके विपरीत, ईरान का जिद्दी रुख भी यह संकेत देता है कि वह दबाव के आगे झुकने के बजाय संघर्ष जारी रखने को तैयार है, इससे युद्ध के और लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। ईरान को भी मानवता के लिए अपनी जिद त्यागनी होगी। इस युद्ध का एक पहलू यह भी है कि इसका प्रभाव केवल संघर्षरत देशों तक सीमित नहीं है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हो रही हैं, ऊर्जा संकट से कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं अस्थिर हो रही हैं। जिन देशों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, उनके लिए यह संकट और भी गंभीर हो सकता है।

विडंबना यह है कि एक ओर आधुनिक सभ्यता विज्ञान, सहयोग और वैश्विक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ राजनीतिक बयान हमें उसी आदिम मानसिकता की ओर ले जाते प्रतीत हो रहे हैं, जहां शक्ति का प्रदर्शन ही सर्वोपरि था। यह दृष्टिकोण मौजूदा विकास के दौर में न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि बेहद खतरनाक भी। इस सूरत में तो यह समझना आवश्यक है कि किसी भी सभ्यता को नष्ट करना केवल उसके भौतिक ढांचे को समाप्त करना नहीं होता, बल्कि उसके इतिहास, संस्कृति और पहचान पर भी आघात होता है। पाषाण युग में भेजने जैसी भाषा इसी मानसिकता को प्रकट करती है, जो मानवता की सामूहिक उपलब्धियों को नकारती है। आज आवश्यकता तो इस बात की है कि विश्व के नेता इतिहास से सीखें और संवाद, सहयोग तथा कूटनीति को प्राथमिकता दें। क्योंकि सभ्यता का वास्तविक विकास विनाश में नहीं, बल्कि सह-अस्तित्व, समझ और शांति में निहित है।

■ राममनोहर रायकवार




- **मेष राशि**:- समय आज बेहद शानदार बना हुआ है, मन प्रसन्न रहेगा। कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी, प्रेम-संबंध सुधरेंगे।
- **वृषभ राशि**:- परिस्थितियों के आप के पक्ष में आने की पूरी संभावना है, मानसिक प्रसन्नता रहेगी, धन की आवक होगी।
- **मिथुन राशि**:- समय आज कमजोर सा है, मन अशांत रहेगा। बहस करने से बचें, कामकाज में सावधानी बरतें।
- **कर्क राशि**:- सितारों की अनुकूलता लगातार आपको लाभ देती जा रही है, कार्यक्षेत्र मजबूत रहेगा, प्रेम-संबंध मन के अनुकूल रहेंगे।
- **सिंह राशि**:- सितारे आज बेहद शानदार स्थिति में हैं, आपके द्वारा सोचे गए कार्य आसानी से संपन्न होंगे।
- **कन्या राशि**:- समय धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है, कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी, संतान से जुड़ा हुआ कोई कार्य संपन्न होगा।
- **तुला राशि**:- चंद्रमा अभी भी आपको तंग कर रहा है, कार्यक्षेत्र से जुड़े आवश्यक निर्णय लेने से बचें, बहस बिल्कुल ना करें।
- **वृश्चिक राशि**:- पराक्रम भाव में बनी शुभ ग्रह स्थिति आपको लगातार लाभ देगी, सहयोग में वृद्धि होगी, संबंध शानदार रहेंगे।
- **धनु राशि**:- समय अभी ठीक नहीं है, घर परिवार को लेकर परेशानी बनी रहेगी, धन की चिंता रहेगी।
- **मकर राशि**:- सितारों की अनुकूलता के चलते आपके कार्यों में मजबूती बनी रहेगी, लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, प्रेम-संबंध शानदार रहेंगे।
- **कुंभ राशि**:- समय आज ठीक नहीं है, मन तनाव से भरा रहेगा। बेकार के कार्यों में धन खर्च हो सकता है, सहयोग में कमी रहेगी।
- **मीन राशि**:- समय आने वाले दिनों में भी आपकी मदद करेगा, इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्य तेजी से करें।

# मानसिकता बदले बिना, नहीं थमेगी महिलाओं पर हिंसा



भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा केवल अपराध नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का प्रतिबिंब है। बदलते समय और सशक्त कानूनों के बावजूद यह समस्या आज भी जटिल बनी हुई है। हालिया न्यायिक टिप्पणी ने स्पष्ट कर दिया है कि समाधान केवल दंड में नहीं, बल्कि सोच में परिवर्तन और सामाजिक चेतना के जागरण में निहित है।

देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा कोई नई समस्या नहीं है। यह हमारे सामाजिक ढांचे की गहराइयों में जड़ें जमाए हुए एक पुराना सच है, जो समय के साथ रूप बदलता रहा है, पर समाप्त नहीं हुआ। आधुनिकता, तकनीकी प्रगति और संवैधानिक अधिकारों की लंबी सूची के बावजूद यह प्रश्न आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या महिलाएं सचमुच सुरक्षित हैं? हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी ने इसी असहज सच्चाई को उजागर करते हुए समाज को आत्ममंथन के लिए विवश किया है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल कठोर कानून बना देने से महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता। यह टिप्पणी उस समय आई जब न्यायालय ने एक ऐसे मामले में दोषी की अपील खारिज कर दी, जिसमें उसने अपनी पत्नी को जिंदा जलाकर मार डाला था। निचली अदालत और हाईकोर्ट द्वारा दी गई सजा को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि पीड़िता का मृत्यु पूर्व दिया गया बयान न्याय की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

**अपने** इस निर्णय के साथ ही कोर्ट ने एक और गहरी बात कही कि समस्या कानूनों की कमी नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की जड़ता है। वास्तव में, भारत में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक सख्त कानून पहले से मौजूद हैं। दहेज निषेध, घरेलू हिंसा से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध प्रावधान के बावजूद अपराधों का ग्राफ चिंताजनक बना हुआ है। यह विरोधाभास इस ओर संकेत करता है कि कानून केवल ढांचा प्रदान करते हैं, पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समाज की सोच का परिवर्तित होना अनिवार्य है। जब तक मानसिकता में समानता और सम्मान का भाव नहीं आएगा, तब तक कानून कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने अवलोकन में पितृसत्तात्मक सोच को इस समस्या की मूल जड़ बताया। यह वही सोच है, जो महिलाओं को स्वतंत्र व्यक्तित्व के बजाय 'वस्तु' के रूप में देखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है। यह दृष्टिकोण केवल अपराधों को जन्म नहीं देता, बल्कि उन्हें सामाजिक स्वीकृति भी प्रदान करता है। घर से लेकर कार्यस्थल तक महिलाओं का असुरक्षित महसूस करना इसी मानसिकता का परिणाम है।

**हालांकि,** संविधान ने भले ही महिलाओं को गरिमा के साथ जीने का अधिकार दिया हो, लेकिन व्यवहारिक जीवन में यह अधिकार अक्सर अधूरा रह जाता है। यही कारण है कि न्यायालय ने 'सामाजिक क्रांति' की आवश्यकता पर बल दिया है। यह क्रांति किसी आंदोलन या कानून से नहीं, बल्कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से संभव है। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि महिलाओं का सम्मान करना कोई दया या कृपा नहीं, बल्कि एक नैतिक और संवैधानिक दायित्व है। परिवार, विद्यालय और समाज, तीनों स्तरों पर इस मूल्य को विकसित करना होगा। वाकई, महिलाओं के प्रति हिंसा केवल एक कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रश्न है। जब तक हम अपनी सोच में बदलाव नहीं लाते, तब तक कोई भी कानून पूर्णतः प्रभावी नहीं हो सकता। इसलिए अब समय आ गया है कि हम केवल नियमों पर निर्भर रहने के बजाय अपने भीतर झांकें और एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाएं, जहां सम्मान, समानता और सुरक्षा केवल शब्द न होकर वास्तविकता बनें।

■ जसवंत सिंह राजपूत

## पर्यटन

प्रेम से प्रेरित अन्य स्मारक


# ताजमहल के अलावा दुनिया की अनमोल प्रेम कहानियां

प्रेम, केवल शब्दों या कविताओं तक सीमित नहीं, बल्कि वह पत्थरों और ईंटों में भी अमर हो जाता है। ताजमहल जहां शाहजहां-मुमताज की मोहब्बत का प्रतीक है, वहीं दुनिया भर में ऐसी कई इमारतें हैं जो पति-पत्नी, प्रेमी-प्रेमिका या परिवार के गहरे स्नेह को याद दिलाती हैं। इन स्मारकों में अधूरी कहानियां, श्रद्धांजली और समर्पण छिपा है। हम ताजमहल के अलावा अन्य प्रेम-प्रेरित स्मारकों की यात्रा करेंगे जो सदियों से रोमांस की मिसाल बने हुए हैं।



### हुमायूं का मकबरा, दिल्ली: पत्नी की असीम श्रद्धा

नई दिल्ली में स्थित हुमायूं का मकबरा मुगल सम्राट हुमायूं की पत्नी बेगा बेगम (हाजी बेगम) ने 1565-1572 के बीच बनवाया था। यह मुगल वास्तुकला का प्रारंभिक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें बगीचे, पानी की नहरें और गुम्बद शामिल हैं। बेगा बेगम ने अपने पति की याद में यह भव्य स्मारक बनवाकर मुगल परंपरा की नींव रखी, जिससे बाद में ताजमहल जैसी इमारतें प्रेरित हुईं। आज यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल यह मकबरा प्यार की वह गहराई दिखाता है जो विधवा को भी इतिहास रचने की प्रेरणा दे सकती है।



### कोडाई-जी मंदिर, क्योटो, जापान: पत्नी का समर्पण

जापान के क्योटो में 1606 में स्थापित कोडाई-जी मंदिर (कोदाई-इन) युद्ध-सेनापति टोयोतोमी हिदेयोशी की पत्नी किता-नो-मांडोकोरो (बाद में कोदाई-इन) ने अपने पति की याद में बनवाया था। यह बौद्ध मंदिर सुंदर बगीचों, चाय हाउस और सोने की पत्तियों से सजी इमारतों से भरा है। पत्नी ने यहां पति की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और खुद भी अंतिम दिनों में यहां रहकर सन्यास लिया। यह मंदिर पूर्वी संस्कृति में पत्नी के अटूट प्रेम और भक्ति का जीवंत उदाहरण है।



### चेनॉन्सो कैसल, फ्रांस: प्रेम और राजनीति का मिश्रण

फ्रांस के लॉयर घाटी में शेर नदी पर बना चेनॉन्सो कैसल 16वीं शताब्दी की एक अनोखी प्रेम कहानी बयां करता है। राजा हेनरी द्वितीय ने यह महल अपनी मालकिन डायने डी पॉइटियर्स को उपहार में दिया। डायने ने यहां बगीचे सुधारे और नदी पर सुंदर पुल बनवाया। बाद में कैथरीन डी मेडिसी ने इसे वापस लिया, लेकिन महल आज भी दो महिलाओं के बीच प्रेम-प्रतिद्वंद्विता की याद दिलाता है। इसकी ऐतिहासिक बनावट और नदी पर फैला पुल रोमांचक प्रेम गाथा का प्रतीक बन गया है।

### मिराबेल पैलेस, ऑस्ट्रिया: आर्कबिशप का गुप्त प्रेम



ऑस्ट्रिया के साल्जबर्ग में 1606 में बने मिराबेल पैलेस और उसके खूबसूरत बगीचों को प्रिंस आर्कबिशप वुल्फ डिट्रिच वॉन राइटेनॉ ने अपनी मालकिन सलोमे अल्ट के लिए बनवाया था। यह बारोक शैली का भव्य महल बागीचों, फव्वारों और मूर्तियों से सजा है। हालांकि चर्च के नियमों के कारण यह प्रेम गुप्त रहा, लेकिन महल आज भी पर्यटकों को अपनी रोमांटिक सुंदरता से आकर्षित करता है। यह दिखाता है कि प्रेम सामाजिक बंधनों को भी चुनौती दे सकता है।

### ईलेनोर क्रॉसेज, इंग्लैंड: अंतिम यात्रा की श्रद्धांजलि

1290 में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड प्रथम ने अपनी प्यारी पत्नी क्वीन ईलेनोर ऑफ कास्टाइल की मृत्यु के बाद 12 क्रॉस (स्मारक स्तंभ) बनवाए। ये क्रॉस उस जगह बनाए गए जहां उनकी पत्नी की अंतिम यात्रा के दौरान शव को विश्राम दिया गया। ये गॉथिक शैली के सुंदर क्रॉस आज भी इंग्लैंड के विभिन्न स्थानों पर मौजूद हैं। राजा का यह कदम गहरे वैवाहिक प्रेम और शोक का प्रतीक बन गया, जो सदियों बाद भी भावुक करता है।



### पेना पैलेस, पुर्तगाल: राजा का पत्नी के लिए सपना

पुर्तगाल के सिन्ट्रा में रंग-बिरंगे पेना पैलेस 19वीं शताब्दी में राजा फर्डिनांड द्वितीय ने अपनी पत्नी क्वीन मारिया द्वितीय के बाद और दूसरी शादी के बाद बनवाया। यह महल लाल-पीले रंगों, टावरों और जंगलों से घिरा रोमांटिक नज़ारा प्रस्तुत करता है। यह यूरोपीय रोमांटिक वास्तुकला का चमत्कार है, जो प्रेम को नई शुरुआत और रंगीन सपनों से जोड़ता है।

### अल्बर्ट मेमोरियल, लंदन: रानी विक्टोरिया का शोक



लंदन के हैड पार्क में 1872 में बना अल्बर्ट मेमोरियल रानी विक्टोरिया ने अपने पति प्रिंस अल्बर्ट की याद में बनवाया। 55 मीटर ऊंचा यह गॉथिक स्मारक प्रिंस की मूर्ति को भव्य छत्र के नीचे रखता है। रानी ने अपने पति की मृत्यु के बाद दस साल इस पर खर्च किए। यह स्मारक वैवाहिक प्रेम, शोक और ब्रिटिश साम्राज्य की श्रद्धांजलि का अद्भुत मिश्रण है।



### बीबी का मकबरा, भारत: मां के प्रति एक बेटे का समर्पण

महाराष्ट्र के औरंगाबाद में स्थित इस इमारत को मिनी ताज या दक्कन का ताज भी कहा जाता है। इसे मुगल राजकुमार आजम शाह ने अपनी मां दिलरस बानू बेगम की याद में बनवाया था। हालांकि यह ताजमहल से प्रेरित है, लेकिन इसकी अपनी एक अलग गरिमा और शांति है, जो एक बेटे के अपनी मां के प्रति असीम प्रेम और सम्मान को व्यक्त करता है।

### हैलिकार्नासस का मकबरा, तुर्की: प्राचीन प्रेम का स्मारक



विश्व के सात अजूबों में शुमार यह मकबरा चौथी शताब्दी ईसा पूर्व की कला का अद्भुत नमूना है। इसे रानी आर्टेमिसिया द्वितीय ने अपने पति मौसोलस की याद में बनवाया था। लगभग 45 मीटर ऊंची यह संरचना ग्रीक, मिस्र और लिसियाई शैलियों का संगम है। दिलचस्प बात यह है कि आज दुनिया भर में भव्य कब्रों के लिए इस्तेमाल होने वाला शब्द मॉसोलियम इसी राजा के नाम से निकला है।

# फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज का आधा पड़ाव पार

## ● पुरुष वर्ग में सिंदारोव आगे, महिला वर्ग में दिव्या वैशाली के पास है मौका

**साइप्रस (एजेंसी)** ।फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज में सातवें राउंड के बाद पुरुष वर्ग में उज़्बेकिस्तान के 20 वर्षीय जावोखीर सिंदारोव 6 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है , उनका प्रदर्शन इतना शानदार रहा है की दूसरे स्थान पर चल रहे यूएसए के फैबियानो कारुआना उनसे 1.5 अंक पीछे 4.5 पर तो तीसरे स्थान पर काबिज भारत के आर प्रज्ञानन्दा और नीदरलैंड के अनीश गिरी उनसे 2.5 अंक पीछे 3.5 अंकों पर खेल रहे है , ऐसे में अब देखना यह है की जब दूसरे पड़ाव में बचे हुए सात राउंड में यह सभी खिलाड़ी



सिंदारोव के ख़िलाफ़ कैसा प्रदर्शन करते है और क्या विश्व कप से लगातार जारी सिंदारोव के विजय रथ पर अब कोई रोक लगा पाएगा ।एक दिन के विश्राम के पहले सातवें राउंड में चीन के वे यी नें रूस के आंद्रे एसिपेंको को मात देकर अपनी पहली जीत दर्ज की जबकि अन्य बाज़ियों में प्रज्ञानन्दा नें यूएसए के कारुआना से यूएसए के नाकामुरा नें जर्मनी के मैथियास ब्लूबम से और अनीश गिरी नें सिंदारोव से ड्रा खेला ।
महिला वर्ग में फ़िलहाल कोनेरू हंपी के हटने से अंतिम समय में शामिल हुई यूक्रेन की अन्ना मुज़्यचुक 4.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है हालांकि लगातार दो जीत के दम पर भारत की आर वैशाली 4 अंक बनाकर दूसरे तो दिव्या देशमुख एक जीत और एक ड्रा खेलने के बाद 3.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुँच गई है ।वैशाली नें सातवें राउंड में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन तान झोंगयी को पराजित किया ।

# बारिश की भेंट चढ़ा कोलकाता-पंजाब मैच

## ● केकेआर बुरी तरह हारने से बची, दोनों टीमों को मिला एक-एक अंक

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ।आईपीएल 2026 का 12वां मुकाबला बारिश की भेट चढ़ गया।यह मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डेन्स स्टेडियम में चल रहा था।च्चक्रने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था।मुकाबले की पहली पारी में बैटिंग करने मैदान में उतरी टीम 3.4 ओवर ही खेल पाई थी कि बारिश के चलते मैच को रोकना पड़ा गया।टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 25 रन बनाए थे। क्रीज पर मौजूद अजिंक्य रहाणे 6 गेंदों में 08 रन और अंगकृष रघुवंशी ने 7 गेंदों में 07 रन बना कर खेल रहे थे। कोलकाता और पंजाब किंग्स के मैच में बारिश रुक गई



थी।मगर कट-ऑफ टाइम तक खेल चालू नहीं हो पाया था जिसके कारण फैसला कैसे होगा आपके दिमाग में यह सवाल उठ रहा होगा? तो यहां जान लीजिए इसको लेकर बीसीसीआई का पूरा नया नियम क्या है? कट-ऑफ टाइम यानी रात 11 बजकर 14 मिनट तक मैच शुरू नहीं हो पाया है इसलिए यह मैच रद्द कर दिया गया।अगर कट-ऑफ टाइम में मैच शुरू हो जाता तो कोलकाता और पंजाब के बीच 5-5 ओवर का मैच होता।च्चक्रतीसरा ओवर (3.4) खेल रही थी।कट-ऑफ टाइम के हिसाब से कोलकाता को 8 गेंदे खेलने को और मिलती ऐसे में टीम को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता।मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया है।मुकाबले में बारिश ने खलल डाला तो कोलकाता को फायदा हो गया। क्योंकि टीम ने जिस तरह की शुरुआत की थी उससे हारना तय था।पंजाब किंग्स के अब 5 पॉइंट्स हो गए हैं और वह टेबल के टॉप पर पहुंच गई है।बता दें, पंजाब किंग्स अब तक एक भी मैच नहीं हारी है।

# टिहरी झील की लहरों में दिखेगा करतब

## ● प्रदेश में पहली बार ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन

**देहरादून (एजेंसी)**। उत्तराखंड के लिए गर्व और रोमांच से भरा एक ऐतिहासिक अवसर आने जा रहा है. उत्तराखंड में पहली बार 25 वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. यह बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता 8 से 12 अप्रैल तक टिहरी झील स्थित डब्ल्यूएसएआई (वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट) आईटीबीपी परिसर में आयोजित होगी।

देश भर की पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टीमें इस प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी. प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा. इस आयोजन को लेकर राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में असम राइफ़ल्स, सेंट्रल रिज़र्व पुलिस फोर्स ,बॉर्डर सिक्योरिटी बल और आईटीबीबी सहित देशभर की कुल 19 टीमों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. प्रतियोगिता के दौरान कुल 52



इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कयाकिंग, कैनोइंग, रोइंग और अन्य रोमांचक जल क्रीड़ाएं शामिल हैं।

आईटीबीपी नॉर्दर्न फ्रंटियर के आईजी मनु महाराज ने प्रदेश वासियों से अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है. उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने का आह्वान किया है।

उनका कहना है कि इस तरह के आयोजन न केवल खेलों को बढ़ावा देते हैं, बल्कि राज्य की पर्यटन क्षमता को भी नई पहचान दिलाते हैं. टिहरी झील, जो पहले से ही अपने प्राकृतिक सौंदर्य और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए जानी जाती है, अब राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन के जरिए देशभर में एक नई पहचान बनाने जा रही है।

प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा, व्यवस्थाओं और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. आईटीबीपी को इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं. इस आयोजन के जरिए उत्तराखंड को वॉटर स्पोर्ट्स के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।


साथ ही यह प्रतियोगिता युवाओं को जल क्रीड़ाओं की ओर आकर्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. कुल मिलाकर 8 से 12 अप्रैल के बीच टिहरी झील खेल, रोमांच और देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आएगी, जहां देश भर के जांबाज अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरते दिखाई देंगे।

**एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप**

# प्रीति, प्रिया और अरुंधति फाइनल में पहुंचीं

## ● अब तक चार बॉक्सर फाइनल में, निखत जरीन और लवलीना टूर्नामेंट से बाहर

**मंगोलिया (एजेंसी)**। मंगोलिया के उलानबटोर में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में भारत के लिए सोमवार का दिन मिला-जुला रहा। प्रीति पवार, प्रिया और अरुंधति चौधरी ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। अब तक भारत की चार मुक्केबाज फाइनल में पहुंच चुकी हैं। प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को एकतरफा मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल की उम्मीद मजबूत कर दी है। वहीं, निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा।



**प्रीति ने पेरिस ओलिंपिक मेडलिस्ट को शिकस्त दी-** 54 केजी वेट कैटगिरी में प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कोरिया की एजी इम को 5-0 से हराया। वर्ल्ड बॉक्सिंग कप की गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति ने तीनों राउंड में अपना नियंत्रण बनाए रखा और विपक्षी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। अब फाइनल में उनका मुकाबला चीनी ताइपे की हुवांग ह्सियाओ-वेन से होगा, जो तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन और टोक्यो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं।

प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को हरा कर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

**प्रिया और अरुंधति भी फाइनल में- गोल्ड के लिए भिड़ेंगी-** 60 किलोग्राम वेट कैटगिरी में प्रिया ने स्थानीय खिलाड़ी मंगोलिया की नामून मोंखोर को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। अब वे फाइनल में उत्तर कोरिया की उन ग्योंग वॉन से भिड़ेंगी। वहीं, 70 किलोग्राम कैटेगरी में अरुंधति चौधरी ने उज्बेकिस्तान की ओयशा तोइरोवा को 4-1 से हराया। फाइनल में उनका सामना कजाकिस्तान की बकित सेदिश से होगा। 60 किलोग्राम वेट कैटगिरी में प्रिया नेमंगोलिया की नामून मोंखोर को 5-0 से हराकर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

### बिजली कटने से अंकुशिता बोरो को अंकों के आधार पर हार मिली

65 किलोग्राम वेट में अंकुशिता बोरो और चीनी ताइपे की निएन-चिन चेन के बीच मैच के दौरान पहले राउंड के बाद बिजली गुल हो गई।काफी देर तक बाधा रहने के कारण मैच का फैसला पॉइंट्स के आधार पर किया गया, जिसमें अंकुशिता को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।
**आज दो कैटगिरी का सेमीफाइनल-** चैंपियनशिप के अगले दौर में 7 अप्रैल को भारत की दो और मुक्केबाज (48केजी और 57केजी कैटेगरी) अपने सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी।

# सट्टेबाजी का दबाव खिलाड़ियों को तोड़ रहा

## ● टारगेट पूरे करने के लिए एथलीट्स को परिजनों की हत्या की धमकी, अपशब्दों की बौछार

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)**।एक कॉलेज बास्केटबॉल खिलाड़ी मैच शुरू होने से पहले अपना मोबाइल खोलता है।स्क्रीन पर अजनबी का संदेश दिखता है, 'सुनो, यह मजाक नहीं है। अगर तुमने आज 22 पॉइंट्स व 12 बाउंड्स नहीं बनाए, तो



तुम्हारे सभी करीबी मार दिए जाएंगे।' यह डरावना संदेश किसी फिल्म की पटकथा नहीं, बल्कि 2024 के एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन) की स्टडी का हिस्सा है।
उस खिलाड़ी ने अभी कोर्ट पर कदम भी नहीं रखा था, न ही कोई शॉट मिस किया था। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि सट्टेबाजी की दुनिया में उसकी काबिलियत पर 'दांव' लगा था।हालांकि वह मैदान में उतरा और स्वाभाविक खेलने की कोशिश भी की।एक्सपर्ट कहते हैं,हम इस समय 'मार्च मैडनेस' के बीच में हैं- जो अमेरिकी खेलों में सबसे अधिक सट्टेबाजी वाला आयोजन है।
अनुमान है कि अकेले इस साल के टूर्नामेंट पर 25 हजार करोड़ रुपए दांव पर लगे हैं।हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की प्रोफेसर और मनोवैज्ञानिक एमी कडी कहती हैं,'आज के एथलीट सिर्फ शारीरिक थकान से नहीं, बल्कि नए मनोवैज्ञानिक खतरे से जूझ रहे हैं, जिसे 'सोशल-इवैल्यूएटिव थ्रेट' (सामाजिक परख का खतरा) कहते हैं।

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026**

**लक्ष्य-सिंधु पर होगा दारोमदार**

# भारत को लगा बड़ा झटका, सात्विक-चिराग की जोड़ी टूर्नामेंट से हटी

**निंगबो (चीन) (एजेंसी)**। बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप शुरू होने से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है. सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है. सात्विक कंधे की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा. बता दें कि सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

भारतीय कोच टैन किम हेर ने न्यूज एजेंसी को बताया, सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे. सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी।



**लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु से उम्मीद-** अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिकी रहेंगी. यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे।

### एशिया चैंपियनशिप जीतने वाले भारतीय

पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन दिनेश खन्ना एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने 1965 में एशिया चैंपियनशिप में पुरुषों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहे थे जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड जाते समय दुबई में फंस गई थीं, जिसके चलते उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

### चैंपियनशिप में भाग लेने वाले दूसरे भारतीय

पुरुष एकल वर्ग में भी भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे. जिसमें एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत और आयुष शेट्टी हैं. वहीं महिला एकल में सिंधु के अलावा उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा और मालविका बंसोड़ हैं।
पुरुष युगल में हरिहरन आमसकारुनन व एमआर अर्जुन और पी कृष्णमूर्ति रॉय व साई प्रतीक की जोड़ी हैं. महिला युगल में अश्विनी भट व शिखा गौतम, त्रीसा जॉली व गायत्री गोपीचंद पुलेला और प्रिया कोंजेंगबम व श्रुति मिश्रा की जोड़ी है।मिश्रित युगल में रोहन कपूर व गद्दे रूथविका शिवानी, अशिथ सूर्या व अमृता प्रमुथेश, और ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो की भारतीय जोड़ी है।

# सीजफायर से बाजार मजबूत, सेंसेक्स 2983 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 के करीब




**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली**। अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर का एलान दुनिया के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार के लिए भी राहत लेकर आया। बुधवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक लंबी छलांग लगाकर बंद हुए। लगातार पांचवें दिन तेजी दर्ज करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,946.32 अंक या 3.95 प्रतिशत बढ़कर 77,562.90 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसमें 3,018.96 अंक या 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 77,635.54 पर पहुंच गया।

50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 873.70 अंक या 3.78 प्रतिशत बढ़कर 23,997.35 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 901.5 अंक या 3.89 प्रतिशत की तेजी आई और यह 24,025.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन में सबसे अधिक 8.22 प्रतिशत की उछाल देखी गई। लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और मारुति भी प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल थे। टेक महिंद्रा, सन फार्मा और पावर ग्रिड इस मामले में पिछड़ गए।

अमेरिका-ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम, तेल की कीमतों में भारी गिरावट और अन्य अनुकूल कारकों के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 3.5% से अधिक की तेजी आई और लगातार पांचवें सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इस तेज उछाल से बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में लगभग 16.59 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जिससे यह बढ़कर 446 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार के कारोबारी सत्र के बाद बाजार के सभी प्रमुख सेक्टोरल सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 13.89 प्रतिशत गिरकर 94.09 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी 6.87 प्रतिशत और जापान का निक्केई 225 सूचकांक 5.39 प्रतिशत बढ़ा।

# सोना 3200 उछला, 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर भाव

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली**। अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर की खबर के बाद सरार्फा बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। बुधवार को चांदी की कीमत में बड़ी तेजी आई, जिससे निवेशकों का रुझान फिर से मजबूत हुआ। वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने से बाजार में सकारात्मक माहौल बना है। दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 11,000 रुपये उछलकर 2,51,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना भी 3,200 रुपये बढ़कर 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। जानकारों के मुताबिक वैश्विक संकेत बेहतर होने और निवेशकों की खरीदारी बढ़ने से कीमतों में यह तेजी आई है।

वहीं, वायदा कारोबार में सोने की कीमतों में 3,007 रुपये की तेजी दर्ज की गई। अमेरिका और



ईरान के बीच दो सप्ताह के संघर्ष विराम समझौते के बाद राहत की भावना और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से खरीदारी बढ़ी। इस उछाल के साथ, सोने का भाव 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर जून डिलीवरी के लिए पीली धातु का भाव 3,007 रुपये या दो फीसदी बढ़कर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर, जून अनुबंध के लिए सोने का वायदा भाव 129.12 अमेरिकी डॉलर या करीब तीन फीसदी बढ़कर 4,813.82 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटीज एनालिस्ट मानव मोदी ने कहा कि ट्रंप द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम की घोषणा के बाद अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से सोने की कीमतों को समर्थन मिला।

# एचपीवी वैक्सीन लगवाने वाली किशोरी को नहीं होगा गर्भाशय कैंसर

## पूरनपुर में महिला अस्पताल व माधोटांडा सीएचसी पर लग रही वैक्सीन, 23 मार्च से शुरू हुए टीकाकरण में अब तक 45 किशोरियों के लग चुका टीका



सीएचसी में एचपीवी वैक्सीन लगवाने वाली किशोरियों को प्रमाणपत्र दिया गया

> एचपीवी वैक्सीन लगने के बाद किशोरी को कभी भी गर्भाशय का कैंसर नहीं होगा। नगर के महिला अस्पताल और माधोटांडा सीएचसी पर 14 से 15 वर्ष की किशोरी को यह टीका लगाया जा रहा है। सभी लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। इससे सर्वाइल कैंसर से बचा जा सकता है।
>
> **मनीष राज शर्मा**
> **एमओआईसी, पूरनपुर**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर, पीलीभीत।** सर्वाइल कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण चल रहा है। नगर के महिला अस्पताल और माधोटांडा सीएचसी में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन किशोरियों को मुफ्त में लगाई जा रही है। अब तक 45 से अधिक किशोरियों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा है कि इस वैक्सीन को लगवाने वाली किशोरी को भविष्य में गंभीर बीमारी गर्भाशय कैंसर नहीं होगा। देश में किशोरियों को सर्वाइल कैंसर से बचाने के लिए सरकार द्वारा एचपीवी वैक्सीन लगवाई जा रही है। यह टीका सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में लगाया जा रहा है। जबकि बाजार में इसकी कीमत हजारों रुपए है। पिछले 23 मार्च से पूरनपुर के महिला अस्पताल और माधोटांडा की सीएचसी में टीकाकरण चल रहा है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर चलाए जा रहे टीकाकरण को रफ्तार देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पूरी लगन और जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सीएचओ आदि स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा किशोरियों को जागरूक किया जा रहा है। नगर के महिला अस्पताल और माधोटांडा सीएचसी में किशोरी को टीका लगाने के बाद डाक्टर अपनी निगरानी में रख रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी फीडबैक लेने के बाद किशोरी को प्रमाणपत्र देकर घर भेजा जाता है। यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए है। ताकि उनको गंभीर बीमारी गर्भाशय कैंसर से बचाया जा सके। अब तक पूरनपुर महिला अस्पताल में 20 और माधोटांडा सीएचसी में 25 किशोरियों को यह टीका लगाया जा चुका है।

# किसानों का गेहूं तौलने में देरी की शिकायत पर नपेंगे जिम्मेदार

## एसडीएम ने पूरनपुर मंडी के गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण ,केंद्र प्रभारियों से जुटाई जानकारी, एक केंद्र से गायब मिला प्रभारी



एसडीएम ने मंडी के गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया



क्रय केंद्रों पर किसानों का गेहूं पहुंचते ही तत्काल तौलने के दिए निर्देश

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** जिला प्रशासन और किसान नेता के मध्य हुए विवाद और कार्रवाई के लिए अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गए हैं। बुधवार को एसडीएम ने नायब तहसीलदार, डिव्टी आरएमओ आदि अधिकारियों के साथ मंडी के सभी गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नेफेड के केंद्र पर प्रभारी गायब मिले। कुछ केंद्र प्रभारियों के पास आईडी कार्ड नहीं मिला। एसडीएम ने नाराजगी जताई और केंद्र से गायब प्रभारी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को किसानों के गेहूं तौलने में देरी न करने और किसानों की हर सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देश पर एक अप्रैल से खरीद चल रही है। ताकि कसानों को गेहूं फसल का समर्थन मूल्य मिले। पूरनपुर मंडी में इस बार आरएफसी के 10, यूपीएसएस, पीसीएफ और नेफेड के केंद्र मिलाकर कुल 19 क्रय केंद्र खोले गए हैं। इन सभी केंद्रों पर खरीद शुरू होने के बाद से संनाटा है। दो दिन पहले केंद्रों पर तौल न होने को लेकर किसान नेता बलजिंदर सिंह द्वारा फोन पर डीएम को धमकी दी गई थी। हालांकि पुलिस प्रशासन ने किसान नेता पर कार्रवाई की। इस घटना के बाद से किसानों की गेहूं फसल को लेकर तहसील प्रशासन भी सख्त हो गया है। बुधवार को एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित व डिप्टी आरएमओ आदि के साथ मंडी के केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आरएफसी के केंद्रों पर तौल शुरू कराई। यूपीएसएस के केंद्रों पर दो किसानों के गेहूं की आवक मिली। जानकारी पर एक किसान मौके पर पहुंच गया। उन्होंने अपना गेहूं बताया। अन्य दूसरा किसान नहीं पहुंचा। इसपर एसडीएम ने केंद्र पर लावारिश अवस्था में पड़ी गेहूं की आवक को जब्त करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। नेफेड के केंद्र पर प्रभारी गायब मिला। जबकि अन्य कुछ केंद्रों के प्रभारियों के पास आईडी कार्ड न होने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने गायब केंद्र प्रभारी पर कार्रवाई करने, केंद्र पर गेहूं लेकर आने वाले किसानों का गेहूं तत्काल तौलने, उनकी हर सुविधा का ध्यान रखने, किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल तहसील प्रशासन को सूचना देने आदि के निर्देश दिए। निरीक्षण के वक्त जिम्मेदारों में खलबली मची रही।

# फसल क्षति पर 72 घंटे में दें सूचना, किसानों से अपील

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** असामयिक वर्षा, अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को हुए नुकसान पर किसानों को 72 घंटे के भीतर सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित किसान टोल फ्री नंबर 14447 या इफको टोकयो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के नंबर 8057747626 पर क्षति की सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा किसान संबंधित कृषि कार्यालयों में भी लिखित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बीमा कंपनी द्वारा जांच के बाद नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी। जनपद में रबी सीजन में 18,541 किसान बीमित हैं।

# शिक्षण कार्य में बाधा डालने का आरोप, प्रधान ने की शिकायत

## टांडा छत्रपति के प्राथमिक स्कूल का मामला, जांच की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** विद्यालय प्रबंध समिति की समिति की फर्जी मोहर बनवाकर झूठी शिकायतें व मोहर का दुरपयोग करने और शिक्षण कार्य में बाधा डालने का आरोप एक ग्रामीण पर लगा है। ग्राम प्रधान ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मामले की शिकायत की है। बीआरसी पूरनपुर क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति में संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज शिक्षिका व एक ग्रामीण के मध्य लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। ग्रामीण के द्वारा आए दिन इंचार्ज पर तरह-तरह के आरोप लगाकर शिकायतें की जा रही हैं। ऐसे में स्कूल के बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में प्रधान लालाराम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र दिया है। इसमें कहा कि गांव का एक व्यक्ति विद्यालय प्रबंध समिति की मोहर का दुरपयोग कर उच्चाधिकारियों से इंचार्ज शिक्षिका के खिलाफ निरंतर, पूर्णता असत्य, तथ्यहीन और झूठी शिकायतें की जा रही हैं। जबकि मौजूदा समय में विद्यालय प्रबंध समिति में उस व्यक्ति का कोई भी पद नहीं है। आरोप है कि वह व्यक्ति झगड़ालू है और अपनी निजी देष भावना के चलते इंचार्ज शिक्षिका की झूठी शिकायतें कर रहा है। पत्र में उसके द्वारा की गई शिकायतों को अपने स्तर से जांच कर निस्तारित करने की मांग की गई है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी मिला सम्मान



सेवानिवृत्त शिक्षको को अमरिया में सम्मानित किया गया

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई अमरिया द्वारा शहर के मोती महल रेस्टोरेंट में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह उपस्थित रहीं, जबकि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। इस दौरान ब्लॉक अमरिया के सेवानिवृत्त शिक्षक तरन्नुम, शबाना, शशि प्रभा एवं औसाफ अहमद को सम्मानित किया गया। वहीं हर्रायपुर के प्रधानाध्यापक सौरभ गुप्ता और नवीन कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अखलाक हसन खान सहित कई गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रोशनी सिंह ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में जिला संरक्षक भद्रपाल गंगवार, जिलाध्यक्ष मुकेश अवस्थी, जिला महामंत्री मोइन अहमद खान, जिला संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार, सह संगठन मंत्री आलोक जायसवाल, ब्लॉक संरक्षक खेमपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रवीण शुक्ला द्वारा किया गया।

# बेमौसम बारिश ने किसानों का छीना सुख-चैन, गेहूं की फसल चौपट

## पूरनपुर और कलीनगर क्षेत्र में तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश




बारिश होने के बाद चौपट हुई गेहूं की फसल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** बुधवार को बारिश के साथ हवा चलने से पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में अगेती और पछेती गेहूं की फसल खेतों में चटाई की तरह बिछ गई है। निचले खेतों में तो पानी भर गया। फसल के उत्पादन में गिरावट आने की किसानों को चिंता सता रही है। इससे उनके चेहरे पर उदासी है। किसानों ने प्रशासन से फसलों की सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग उठाई है। पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में बड़े रकबे में गेहूं की फसल होती है। इस साल गेहूं की फसल की अच्छी पैदावारी के लिए किसानों ने रात-दिन मेहनत की। खेतों में अगेती के साथ पछेती फसल लगभग पककर तैयार खड़ी थी। फसल को देख किसान खुश थे क्योंकि इस बार फसल अच्छी होने की बात कही जा रही थी। किसानों की माने तो मौसम में बदलाव होता देख उन्होंने कटाई का कार्य शुरू कर दिया था लेकिन बुधवार को बेमौसम बारिश ने क्षेत्र के किसानों का सुख-चैन छीनकर मुश्किलें बढ़ा दी है। झमाझम बारिश और तेज हवा चलने से क्षेत्र के बड़े रकबे में खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल खेतों में चटाई की तरह बिछ गई। कुछ किसानों के खेतों में कटने को खड़ी लाही की फसल भी गिरकर पूरी तरह से बर्बाद हो गई। दोपहर तक हुई झमाझम बारिश ने निचले खेतों में पानी भर गया है। बारिश थमने पर किसान खेतों में पहुंचे तो फसल को देख माथा पकड़कर बैठ गए। गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा। इससे किसानों के चेहरा मुर्झा गया है। उन्होंने बारिश से हुए फसलों में नुकसान की सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। कृषि वैज्ञानिक डाक्टर एसएस ढाका ने बताया कि बारिश से फसल को नुकसान हुआ है। आज और कल भी बूंदाबांदी होने की संभावना है।

# मुड़िया बिलहरा में खतरे का सबब बने हैं कई कुएं

## कई बार गोवंश के गिर जाने पर भी जिम्मेदारों ने नहीं ली सुध ,ग्रामीणों ने ऐसे सभी खुले कुओं पर जाल डलवाने की उठाई मांग



बिलसंडा के गांव मुडिया बिलहरा में हादसे को दावत दे रहा गहरा कुआं

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा।** गांव मुडिया बिलहरा में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते कई गहरे कुएं अब लोगों के साथ-साथ गोवंश के लिए भी खतरा बना हुए हैं। बावजूद इसके कुओं पर न तो लोहे का जाल डलवाने की ही जरूरत समझी गई, और न ही स्लैब डलवा कर बंद कराया गया। उधर अनहोनी की आशंका के चलते ग्रामीणों ने ऐसे सभी कुओं पर लोहे के जाल डलवाने की मांग की है। बता दे कि गांवों में कई दशक पूर्व तक यही कुएं लोगों की प्यास बुझाने के काम आते थे। क्योंकि उस दौर में हैंडपंप की व्यवस्था ईजाद ही नहीं हुई थी, लेकिन ज्यों ज्यों समय बदलता गया, त्यों त्यों नई टेक्नोलॉजी विकसित होती गई। और लोगों की प्यास बुझाने के लिए कुंए गुजरे जमाने की बात हो गए। मौजूदा वक्त में हर घर में निजी हैंड पंप के अलावा सरकारी हैंड पंप और मोटर लगे हुए हैं। यही वजह है कि जब कुओं की लोगों को जरूरत नहीं रही, तो उनकी न केवल अनदेखी होती गई, बल्कि साफ सफाई और देखरेख न होने की वजह से कुएं भी जर्जर होते चले गए। यही वजह है कि गांव मुडिया बिलहरा में कई विशालकाय कुओं की चहार दीवारी जर्जर होने की वजह से ध्वस्त हो गईं,और अब कुएं सड़क की लेविल में आ गए। समतल होने की वजह से अब ऐसे कुएं हर वक्त बच्चों, बुजुर्गों एवं गोवंश के लिए खतरा बने हुए है। सर्वाधिक खतरा बेजुबान गोवंश के लिए बना हुआ है। बताते हैं कि गांव के ऐसे ही कुओं में कई बार गोवंश गिर चुके हैं। यह अलग बात है कि लोगों ने किसी तरह बाहर निकाल कर उनकी जान बचाई, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों की नींद नहीं खुली। जबकि ग्राम पंचायत ऐसे कुओं पर लोहे का जाल या स्लैब डलवा सकती है। लेकिन यहां पर अनदेखी के कारण ऐसे ही कई कुए खुले होने की वजह से लोगों के लिए अभी भी खतरा बने हुए हैं। उधर गांव निवासी गुरु प्रकाश शुक्ला,ऋषभ कुमार, लकी तिवारी, मेहंदी हसन, अली शेर, नवल कुमार, अजय कुमार विनय कुमार समेत लोगों ने ऐसे सभी कुओं पर लोहे का जाल या स्लैब डलवाने की मांग की है। उधर प्रधान गीता देवी का कहना है कि मौजूदा समय में बजट का अभाव है, जैसे ही ग्राम निधि में धनराशि उपलब्ध होती है, तो सबसे पहले ऐसे ही सभी कुओं पर स्लैब डलवा दी जाएगी।

# 13 अप्रैल को राज्य सूचना आयुक्त की बैठक, आरटीआई प्रकरणों की समीक्षा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम 13 अप्रैल 2026 को पू र्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी विभागों के जनसूचना अधिकारियों व प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में मार्च 2026 तक प्राप्त आरटीआई आवेदनों, उनके निस्तारण, लंबित अपीलों व शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से अद्यतन विवरण, संपर्क जानकारी व नियमावली के तहत अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।




# बिलसंडा में बड़े पैमाने पर शुरू हुई साठा धान की रोपाई

## गत वर्ष के मुकाबले कई गुना अधिक पैदावार होने की उम्मीद, किसान बोले: साठा से अगली फसल की निकल आती है लागत



बिलसंडा में साठा धान की रोपाई करती हुई महिलाएं

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा।** गेहूं की फसल अभी पूरी तरह से कट भी नहीं पाई कि क्षेत्र में साठा (चाइनीस) धान की रोपाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार कई गुना अधिक किसानों ने साठा धान लगवाना शुरू कर दिया है। कुछ किसानों ने तो गन्ने की फसल से खेत खाली होते ही रोपाई भी करा दी है। बता दें कि 6 वर्ष पहले तक क्षेत्र में किसान बड़े पैमाने पर साठा धान लगाते थे, लेकिन फसल के कटने के वक्त अधिक बारिश से जब जूझना पड़ा, तो किसानों ने साठा लगाना कम कर दिया था। क्योंकि कई बार तो ऐसा हुआ जब बाजार में लागत के अनुरूप भाव न मिलने से परेशान किसानों को खड़ी फसल ही बगैर काटे ही खेत में ही जोत देनी पड़ गई थी। बताते हैं कि उस वक्त वाटर लेवल नीचे चले जाने की बात कहते हुए प्रशासन ने भी सख्ती दिखाई थी, परंतु धीरे-धीरे प्रशासन भी ढीला पड़ गया। यही वजह रही कि पिछले वर्ष से किसानों ने पुनः साठा धान की पैदावार शुरू कर दी। पिछले वर्ष साठा धान की पैदावार अच्छी होने की वजह से बाजार में लागत से कई गुना अधिक का भाव मिल गया जिससे किसानों को भारी मुनाफा हुआ। जिसकी देखा देखी इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा कई गुना अधिक किसानों ने साठा धान लगवाना शुरू कर दिया है। उधर कृषकों का कहना है कि साठा धान के लगाने से अगली फसल की लागत निकल आती है, जिससे कुछ फायदा हो जाता है। वरना गेहूं और मुख्य धान की फसल तैयार करने में जो लागत आती है, उसके अनुरूप बाजार में भाव ही नहीं मिलता है। लगातार घाटे में जा रहे किसानों के सामने इसके अतिरिक्त और कोई उपाय ही नहीं है। कमोबेश इसी तरह कस्बा बमरोली के भी किसानों का कहना है कि साठा धान की फसल की पैदावार अगर अधिक मात्रा में होने लगेगी, तो बाजार में लागत के अनुरूप भाव ही नहीं मिलेगा। ऐसे में साठा धान की पैदावार कम होने पर ही किसानों को फायदा मिल सकता है। अधिक पैदावार होने पर व्यापारी भी मनमाने तरीके से खरीदने हैं। बारिश का मौसम होता है, जिसकी वजह से किसानों को भी खेत खाली करने की मजबूरी होती है और ऐसे में औने-पौने दामों पर ही बाजार में साठा बेचने पर विवश होना पड़ता है। जिससे फायदा कम नुकसान अधिक होता है।

# मिशन शक्ति की अनोखी पहल: छात्रा बनी एक दिन की डीएम, जनसुनवाई कर दिलाया त्वरित न्याय

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद में बुधवार को एक प्रेरणादायक और अनोखी पहल देखने को मिली, जब बीएससी की मेधावी छात्रा इरम बी को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित कर प्रशासनिक सेवाओं में आने के लिए प्रेरित किया। एक दिन की डीएम बनीं इरम बी ने पूरी गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जनसुनवाई में भाग लिया। उन्होंने जमीनी विवाद से जुड़ी एक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना गजरौला क्षेत्र की निवासी श्रीमती राम देवी की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। छात्रा की सक्रियता और संवेदनशीलता से फरियादी को त्वरित राहत मिलने की उम्मीद जगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी रोशनी यादव भी मौजूद रहीं और उन्होंने छात्रा का उत्साहवर्धन किया। इसके उपरांत विकास भवन में बीएससी की ही छात्रा रिया गंगवार को एक दिन की जिला विकास अधिकारी बनाया गया। जिला विकास अधिकारी संजय कुमार ने उन्हें विकास योजनाओं, विभागीय कार्यप्रणाली एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। रिया गंगवार ने कार्यभार संभालते हुए विभिन्न फाइलों का निरीक्षण किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को समझा। कार्यक्रम के दौरान राम लुभाई साहनी राजकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बरखा सहित महिला कल्याण विभाग की टीम भी उपस्थित रही। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की पहल से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे प्रशासनिक सेवाओं के प्रति प्रेरित होती हैं। मिशन शक्ति के तहत आयोजित यह कार्यक्रम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय व प्रभावी कदम माना जा रहा है।



एक दिन के लिए डीएम बनी छात्रा को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

# स्मार्ट मीटर के विरोध में बिजली उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## सब डिवीजन घुंघचाई पर अधिकारी के न मिलने पर फूटा गुस्सा ,बिजली उपभोक्ताओं ने समस्या दूर न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर सब डिवीजन पहुंचे बिजली उपभोक्ताओं को कार्यालय पर अधिकारी नहीं मिले। कर्मचारियों ने भी सीधे तरीके से बात नहीं की। इससे आक्रोशित उपभोक्ताओं ने जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सब डिवीजन पर तैनात अधिकारी पर कार्रवाई और स्मार्ट मीटर से आ रही परेशानी को दूर करने की मांग की। जल्द समस्या का निराकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। पिछले कई दिन से नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से परेशान हैं। बकाया बिल जमा होने के बाद भी आपूर्ति चालू होने में कई-कई घंटे लग जाते हैं। बुधवार को गांव घुंघचाई, दिलावरपुर, चंदोखा, जनकापुर आदि गांव के लोग स्मार्ट मीटर की समस्या से निजात पाने की उम्मीद लेकर सब डिवीजन घुंघचाई पहुंचे। आरोप है कि कार्यालय में अधिकारी मौजूद नहीं मिले। कर्मचारियों ने भी सही से जवाब नहीं दिया और न ही उनकी समस्या के हल के संबंध में कोई जानकारी दी। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी अधिकारी के न आने पर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि बकाया बिल जमा कर दिया है। बावजूद इसके स्मार्ट मीटर से घर तक बिजली चालू नहीं हुई है। उन्होंने इस समस्या का जल्द निस्तारण और लापरवाही अधिकारी पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में संतराम, राजकुमार, सत्यपाल महेश, राजीव, शिवम, प्रेमचंद, रामनरेश, राजकुमार आदि शामिल रहे।



घुंघचाई बिजली उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन किया

# 11 अप्रैल से ग्राम मियांपुर की रविन्द्र नगर के रूप में होगी पहचान

## रविन्द्र नगर उदय साथ ही बदलेगी ग्रामवासियों की पहचान ,प्रदेश के मुखिया के आगमन की तैयारी में सज रहा है मियांपुर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मियांपुर रविन्द्र नगर में 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए आईजी लखनऊ किरण एस, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग और मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक सिंह सहित जिले के तमाम विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सभास्थल पर पहुंचकर जहां सुरक्षा, व्यवस्थाओं और विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने गांव के चप्पे-चप्पे का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को परखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संजय गांधी माध्यमिक विद्यालय को प्रमुख केंद्र बिंदु मानते हुए वहां की व्यवस्थाओं को देखा गया। इसके साथ ही गांव में स्थित स्टेडियम ग्राउंड का भी गहन निरीक्षण किया गया, जहां संभावित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही हेलीपेड निर्माण को लेकर विशेष रूप से मंथन किया गया। अधिकारियों ने संभावित स्थल का निरीक्षण कर वहां जमीन की स्थिति, सुरक्षा घेरा, एप्रोच रोड और आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही आवागमन के मार्गों को पूरी तरह बाधारहित रखने और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कड़ी धूप के बावजूद आईजी, डीएम और एसपी सहित सभी अधिकारी कई घंटे तक मौके पर डटे रहे। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अमले को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आगमन को देखते हुए मोहम्मदी नगर में भी लेकर व्यापक हलचल देखने को मिली। हर प्रमुख चौराहे और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई। सुरक्षा के दृष्टिगत चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। तहसील व ब्लॉक परिसर में साफ-सफाई और चूना डलवाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया। अधिकारियों के लौटने के बाद भी स्थानीय प्रशासन और मोहम्मदी पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है और तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है।

**विशेष 1964 के विस्थापितों का बसेरा बना मियांपुर...**

ग्राम के विस्थापितों को पूर्व में दी गई कृषि योग्य जमीन पर सरकार द्वारा मालिकाना हक देने से ग्रामवासियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। अब विकास की मिसाल मियांपुर गांव केवल प्रशासनिक हलचल का केंद्र ही नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक और सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान है। वर्ष 1964 में बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 178 हिंदू परिवारों को यहां पुनर्वासित किया गया था। सरकार द्वारा प्रत्येक परिवार को औसतन 4.75 एकड़ कृषि योग्य भूमि प्रदान की गई, जिसने इन 36 परिवारों की आजीविका को स्थायी आधार दिया। दशकों की मेहनत और सरकारी सहयोग के चलते आज यह गांव लगभग 1000 मतदाताओं का क्षेत्र बन चुका है। इन परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा जिन्हें जल्द आवास उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया जारी है।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अधिकांश परिवारों को पक्के मकान मिल चुके हैं, जबकि अभी भी 50-60 परिवार कच्चे मकानों में निवास कर रहे हैं उनको भी शीघ्र आवास देने की प्रक्रिया जारी है। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन जैसी योजनाएं भी संचालित हैं। महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण हेतु सुकन्या समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिया जा रहा है। उज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, मनरेगा के माध्यम से रोजगार, बच्चों के लिए मिड-डे मील, नियमित टीकाकरण और स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण जैसी सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गांव को बेहतर सड़क संपर्क प्राप्त हुआ है, जिससे आवागमन सुगम हुआ है। वर्षों तक विस्थापन का दर्द झेलने वाले ये परिवार आज आत्मनिर्भरता और विकास की नई कहानी लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे से जहां गांव को नई पहचान मिलने की उम्मीद है, वहीं प्रशासन भी इसे विश्व स्तरीय सुविधाओं का लाभ देकर मियापुर रविन्द्र नगर को प्रदेश का नहीं देश का प्रथम आधुनिक ग्राम बनाने में प्रयासरत है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन 11अप्रैल को, जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारियों ने लिया जायजा



सीएम के आगमन को लेकर डीएम एसपी ने विधायक के साथ किया ग्राम मियांपुर का निरीक्षण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र के रविंद्र नगर मियांपुर में 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन कार्यक्रम निश्चित हो गया है। मौके का निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल सहित जनपद के जिम्मेदार समस्त अधिकारी मौके पर पहुंचे। तहसील क्षेत्र के मियांपुर में 11 अप्रैल दिन शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज अधिकारियों ने मियांपुर का दौरा किया। जिसमें जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, लखनऊ से आईजी, पुलिस अधीक्षक खीरी, जिले के सभी एसडीएम, एडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुबह से कार्यक्रम स्थल का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल और पार्किंग व्यवस्था की बारीकी से जांच की। इस दौरान ग्राम मियांपुर के समस्त ग्रामवासी और ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। मोहम्मदी विधानसभा 144 से विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई और भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सभी ने मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम का उद्देश्य मियांपुर के ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। अधिकारी कार्यक्रम को हर स्तर पर सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं।

# मरौरी में क्षेत्र पंचायत बैठक, 43 प्रस्ताव पास

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** विकासखण्ड मरौरी सभागार में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि बलवीर सिंह, गन्ना विभाग के प्रतिनिधि ओमप्रकाश वर्मा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि के बाद अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। खण्ड विकास अधिकारी लियाकत अली ने विकास कार्यों की प्रगति पर प्रकाश डाला। बैठक में 48 ग्राम प्रधान व 67 क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल हुए और कुल 43 प्रस्ताव पारित किए गए। अंत में ब्लॉक प्रमुख ने सभी का आभार व्यक्त कर बैठक समाप्ति की घोषणा की।




मरौरी सभागार में बैठक में भाग लेते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य

# बे मौसम हुई ओलावृष्टि, बारिश, गेहूं की फसल को हुआ खासा नुकसान

## अप्रैल में मौसम की बदलती करवट से किसानों के लटके चेहरे

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा, पीलीभीत।** बे मौसम मंगलवार की दोपहर को हल्की बारिश के साथ हुई करेली क्षेत्र में ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को खासा नुकसान हो गया। जिससे किसानों के चेहरे लटक गए। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल इस वक्त पूरी तरह पककर तैयार हो चुकी है। कंम्पाइन से कटाई का कार्य शुरू हो पाई इससे पहले ही हर रोज मौसम गड़बड़ हो रहा है, लेकिन मंगलवार की शाम को अचानक मौसम में बदलाव हुआ और हल्की बारिश के साथ जबरदस्त ओलावृष्टि हुई, जिससे दर्जन भर से अधिक गांवों में गेहूं की फसल का खासा नुकसान हो गया। किसानों का कहना है कि इसे प्रकृति की मार ही कहा जाएगा कि पिछले कुछ वर्षों से यह देखने को मिल रहा है, जिस वक्त खेतों में फसल पककर तैयार होती है, लेकिन कटने से पहले ही प्रकृति अपना कहर ढा देती है। वर्ष 2021 एवं 22 में जिस वक्त धान की फसल पककर खेतों में तैयार हुई थी ,उस वक्त एक ही दिन में हुई मूसलाधार बारिश ने धान की फसल को पूरी तरह चौपट कर दिया था। पिछले वर्ष धान की फसल भले ही ठीक-ठाक हो गई, लेकिन अब गेहूं की फसल का जब नंबर आया ,तो प्रकृति का कहर झेलना पड़ रहा है। बता दें कि मंगलवार की शाम करीब 6 बजे नगर में सिर्फ तेज हवा का झोंका ही आया ,लेकिन करेली क्षेत्र से सटे दर्जन भर से अधिक गांवों में हल्की बारिश के साथ ही ओलावृष्टि भी हुई, जिससे दर्जन भर गांवों में हुई ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में काफी नुकसान हो गया। जिससे किसानों के चेहरे लटक गए।

# परेवा में आग लगने से जल गई गन्ने की फसल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** गांव परेवा तुर्राह में खेत में खड़े गन्ने में अचानक आग लग गई, जिससे करीब एक एकड़ गन्ने की फसल आज की भेंट चढ़ गई। किसानों ने ट्रैक्टरों से जुताई कर किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना की सूचना राजस्व प्रशासन को दी गई है। थाना क्षेत्र के गांव परेवा तुर्राह में गांव के पश्चिम स्थित गांव निवासी रामपाल गंगवार के खेत में अचानक आग लग गई, जिससे उसमें खड़ी गन्ने की फसल धू-धू जल उठी। बताते हैं कि आग इतनी विकराल थी, कि उसे बुझाने में किसानों को खासी मशक्कत करनी पड़ी गांव पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया, तब कहीं जाकर पड़ोस के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बचाया जा सका। ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों से जुताई कर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बड़ा नुकसान हो गया। उधर घटना की सूचना राजस्व प्रशासन को दिए जाने की ग्रामीणों ने बात कही है।

# मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में आर्य महिला कॉलेज की छात्राएं अव्वल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** गन्ना शोध परिषद में दिनांक 20 मार्च 2026 को आयोजित मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में आर्य महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने मोटे अनाज से बने विभिन्न स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। गृह विज्ञान विभाग की शिक्षिका श्रीमती सीता वर्मा के निर्देशन में छात्राओं ने रागी के लड्डू, बर्फी, सांवा चावल की खीर, रागी चीला सहित कई व्यंजन बनाए। प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को अपने दैनिक आहार में रागी, बाजरा और कंगनी जैसे पौष्टिक मोटे अनाजों के उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा विजेता छात्राओं को नकद धनराशि, प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं में सौम्या सिंह, पुष्पांजलि, तान्या तिवारी, रिचा कुशवाहा और नैंसी शामिल रहीं। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ और अन्य छात्राएं भी उपस्थित रहीं।



# भाजपा स्थापना दिवस पर स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़े के तहत वार्ड संख्या 8, ब्रिज विहार में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोष्ठी का भी आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीसीबी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर मौजूद रहे। डीपीएस राठौर ने कहा कि स्वच्छता प्रहरियों के योगदान से ही समाज स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रह पा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है। इस दौरान सफाई नायक राजकुमार, शिवलाल, प्रभात कुमार, सुरजीत कुमार और श्रीमती लता को सम्मानित किया गया। जिला महामंत्री अंशुल सिंह चैहान ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं और सरकार की योजनाएं हर वर्ग तक पहुंच रही हैं। जिला महामंत्री सौरभ सोमवंशी ने कहा कि भाजपा की नीतियां गरीबों और वंचितों के हित में हैं और सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम प्रभारी वैभव खन्ना ने कार्यकताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में आशीष भदौरिया, पार्षद रामबरन सिंह चंदेल, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक यादव समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने की, जबकि अंत में पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# रेडक्रॉस की गोष्ठी में मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार पर जोर, विश्व स्वास्थ्य दिवस

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया में लोगों के स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाना और बीमारियों की रोकथाम करना है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस का जन्म 1863 में स्विट्जरलैंड के जेनेवा में युद्ध के मैदान में घायल सैनिकों की सेवा के लिए हुआ था। आज रेडक्रॉस ह्लमेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकारह्व के सिद्धांत पर काम करते हुए सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षित भोजन और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा शाहजहांपुर की क्षेत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारी बहन चरिता दीदी ने कहा कि रेडक्रॉस का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। यह संस्था बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य और सम्मान दिलाने के लिए काम करती है। गोष्ठी में ब्रह्माकुमारी बहन विनीता दीदी, मीनू मिश्रा, बालकृष्ण पांडे, बृजेश गुप्ता, हर्षित मिश्रा, सादिक हुसैन, सुबोध, राममिलन भूरे, रवि कुसुम, प्रेमादेवी, अनुज जोहरी, अग्रज जोहरी और अवनीश सक्सेना सहित कई लोग मौजूद रहे। अंत में डॉ. विजय जौहरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए मानव सेवा के कार्यों में सहयोग करने की अपील की।






# होर्मुज से भारतीय जहाजों को निकालेगी नौसेना, युद्धविराम के बाद भी युद्धस्तर पर तैयारी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच 40 दिन की जंग के बाद दो हफ्ते का युद्धविराम हुआ है। भारतीय नौसेना ने होर्मुज में फंसे अपने जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए अपनी एस्कॉर्ट सर्विस जारी रखी है।



गुरुग्राम स्थित आईएफसी-आईओआर के जरिए नौसेना हर खतरे पर नजर रख रही है, जिससे भारत का ऊर्जा व्यापार प्रभावित न हो।

पश्चिम एशिया में पिछले 40 दिनों से जारी भीषण तनाव के बीच एक राहत भरी खबर आई है। अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध पर फिलहाल दो हफ्ते का युद्धविराम यानी की सीजफायर लागू हो गया है। दुनिया भर की नजरें इस वक्त व्यापारिक रूप से सबसे संवेदनशील होर्मुज पर टिकी हैं। हालांकि, जंग रुकने के बावजूद भारतीय नौसेना ने अपनी चौकसी में कोई कमी नहीं की है।

जानकारी के मुताबिक, सीजफायर की घोषणा के बाद भारतीय नौसेना अब फंसे हुए भारतीय जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने की तैयारी में है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में पांच से छह भारतीय ध्वज वाले जहाजों का पहला जत्था होर्मुज पार करेगा। इसके लिए नौसेना के अधिकारी लगातार जहाजों के चालक दल और ईरान के अधिकारियों के साथ संपर्क बनाए हुए हैं।

खास बात यह है कि स्थिति भले ही सुधरी हो, लेकिन भारतीय नौसेना अपने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) में कोई ढील नहीं दे रही है। जिस तरह युद्ध के दौरान नौसेना भारतीय टैंकरों की सुरक्षा कर रही थी, वह प्रक्रिया फिलहाल जारी रहेगी। बता दें कि तनाव की शुरूआत में इस इलाके के पश्चिम में कुल 25 भारतीय जहाज मौजूद थे, जिनमें से नौ को पहले ही सुरक्षित निकाला जा चुका है।

समुद्री व्यापार और जहाजों पर होने वाले हमलों पर नजर रखने के लिए गुरुग्राम स्थित इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर झ इंडियन ओशन रीजन (आईएफसी-आईओआर) बेहद सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यह सेंटर भारतीय नौसेना की ओर से संचालित एक हाईटेक मैरिटाइम सुरक्षा केंद्र है। यहां की खासियत यह है कि यह दुनिया के 28 देशों के 76 लिंक्स से रीयल-टाइम डेटा हासिल करता है। वर्तमान में यहां 14 अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारी तैनात हैं, जो फारस की खाड़ी से लेकर ओमान की खाड़ी तक हर संदिग्ध गतिविधि का विश्लेषण करते हैं।

**खौफनाक रहे हैं पिछले 40 दिन**

हालिया रिपोर्ट बताती है कि छह अप्रैल तक इस समुद्री क्षेत्र में हालात कितने गंभीर थे। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान 23 जहाजों को सीधे तौर पर निशाना बनाया गया, जिसमें अब तक 10 लोगों की जान जा चुकी है। नौसेना का मानना है कि भले ही अभी सीजफायर है, लेकिन समुद्र में छिपे खतरों से निपटने के लिए रीयल-टाइम निगरानी ही सबसे बड़ा हथियार है।

# चुनाव आयोग के बयान पर तृणमूल कांग्रेस का पलटवार

**एजेंसी समाचार**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग और तृणमूल कांग्रेस के बीच बयानबाजी तेज हो गई है।



आयोग ने निष्पक्ष और हिंसामुक्त चुनाव कराने की बात कही, जबकि तृणमूल ने आयोग पर पक्षपात के आरोप लगाए। बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप बढ़े हैं। डेरेक ओब्रायन ने आयोग के व्यवहार पर सवाल उठाए, वहीं आयोग ने अनुशासन बनाए रखने की बात कही। कोलकाता में चुनावी माहौल के बीच बुधवार को सियासी तापमान अचानक बढ़ गया। चुनाव आयोग और तृणमूल कांग्रेस के बीच सीधी बयानबाजी सामने आ गई। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग की सख्त टिप्पणी और उसके जवाब में तृणमूल की तीखी प्रतिक्रिया ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया। चुनाव से पहले यह टकराव संकेत दे रहा है कि आगे की लड़ाई और ज्यादा आक्रामक हो सकती है।

दरअसल, तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली में चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिलने पहुंचा था। पार्टी ने आरोप लगाया कि हाल ही में न्यायिक प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इसी मुद्दे को लेकर यह बैठक हुई, लेकिन बैठक के तुरंत बाद आयोग ने तृणमूल कांग्रेस से सीधी बात शीर्षक से एक बयान जारी कर दिया, जिसने विवाद को और बढ़ा दिया।

चुनाव आयोग ने अपने बयान में साफ कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव पूरी तरह भयमुक्त, हिंसामुक्त और बिना किसी दबाव या लालच के कराए जाएंगे। आयोग ने यह भी कहा कि छापामारी, बूथ जाम और किसी तरह की गड़बड़ी को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग का यह सख्त रुख सीधे तौर पर राज्य की चुनावी व्यवस्था पर सवाल उठाने जैसा माना गया।

## पवन खेड़ा ने असम मामले में तेलंगाना हाईकोर्ट का किया रुख, अग्रिम जमानत मांगी

**एजेंसी समाचार**

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने असम में उनके खिलाफ दर्ज मामले में अंतरिम जमानत के लिए तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। पूरा मामला क्या है, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को तेलंगाना हाईकोर्ट रुख किया है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुयन सरमा पर आरोप लगाने के बाद असम में उनके खिलाफ



दर्ज मामले में अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

खेड़ा ने हैदराबाद स्थित अपना पता बताया और कोर्ट से अनुरोध किया कि गिरफ्तारी की स्थिति में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया जाए। याचिका 7 अप्रैल को दायर की गई थी। खेड़ा ने याचिका में गुवाहाटी अपराध शाखा के डीसीपी और तेलंगाना सरकार को प्रतिवादी बनाया है। पवन खेड़ा ने कहा, असम के मुख्यमंत्री ने मेरे पीछे पुलिस भेजी। पत्नी के पासपोर्ट और विदेशी संपत्तियों के बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, असम के मुख्यमंत्री की पत्नी की व्योमिंग (अमेरिकी राज्य) में पंजीकृत कंपनी के लंदन, दुबई और ढाका में पते दर्ज हैं।

असम पुलिस का आरोप है कि खेड़ा ने मुख्यमंत्री के परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। जांच में दिल्ली स्थित खेड़ा के आवास से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं, जिनमें मामले से जुड़ी सामग्री होने का दावा किया गया है। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब पांच अप्रैल को खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने आरोप लगाया था कि रिनिकी भुयन सरमा के पास कई पासपोर्ट और विदेशी संपत्ति है, जिसका जिक्र मुख्यमंत्री के चुनाव शपथ पत्र में नहीं किया गया था।

# जयपुर मेट्रो फेज-2 से लेकर खाद सब्सिडी तक, कैबिनेट ने पांच बड़े फैसलों को दी मंजूरी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1.74 लाख करोड़ रुपये के पांच बड़े फैसलों को मंजूरी दी है। इसमें जयपुर मेट्रो, किसानों के लिए खाद सब्सिडी, एचपीसीएल रिफाइनरी और दो हाइड्रो परियोजना शामिल हैं। आइए, विस्तार से जानते हैं कि किस परियोजना के लिए सरकार ने कितना पैसा लगाया है। साथ ही ये भी समझेंगे कि ये कितनी अहम हैं।

देश के विकास को नई रफ्तार देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 1,74,207 करोड़ रुपये के पांच बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन फैसलों में जयपुर मेट्रो फेज-2, किसानों के लिए खाद सब्सिडी, एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी और अरुणाचल प्रदेश के दो बड़े हाइड्रो की परियोजनाएं भी शामिल हैं।

सरकार ने जयपुर मेट्रो फेज-2 को 13,038 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी है। यह 41 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर होगा जिसमें 36 स्टेशन बनेंगे और यह प्रहलादपुरा से टोडी मोड तक जाएगा। वहीं, खरीफ 2026 के लिए 41,534 करोड़ रुपये की खाद सब्सिडी भी मंजूर की गई है। इससे किसानों को डीएपी और अन्य उर्वरक सस्ती कीमत पर मिलेंगे और खेती की लागत कम होगी। आइए, सरकार द्वारा सभी लिए गए फैसलों पर नजर डालते हैं। और आसान भाषा में समझने की कोशिश करते हैं।




जयपुर मेट्रो फेज-2 शहर के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को पूरी तरह बदलने वाली परियोजना मानी जा रही है। यह 41 किलोमीटर लंबा नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर होगा, जो प्रहलादपुरा से टोडी मोड तक जाएगा। इस रूट में 36 स्टेशन होंगे और यह शहर के बड़े इलाकों जैसे एयरपोर्ट, सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, टोंक रोड और एसएमएस अस्पताल को जोड़ेगा। इससे लोगों को तेज, सस्ता और आसान सफर मिलेगा।

इस परियोजना का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि शहर में ट्रैफिक जाम कम होगा और प्रदूषण भी घटेगा। अभी मेट्रो के पहले चरण में रोज करीब 60 हजार लोग सफर करते हैं, लेकिन फेज-2 आने के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ने की उम्मीद है। यह परियोजना 2031 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और इससे जयपुर को आधुनिक शहर बनाने में मदद मिलेगी।

41 किमी लंबा मेट्रो कॉरिडोर

36 स्टेशन और बड़े इलाकों से कनेक्टिविटी

ट्रैफिक और प्रदूषण में कमी

रोजाना यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी

2031 तक पूरा करने का लक्ष्य

खाद सब्सिडी (खरीफ 2026)

सरकार ने खरीफ 2026 सीजन के लिए 41,534 करोड़ रुपये की न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी को मंजूरी दी है। यह सब्सिडी फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर दी जाएगी, जिसमें डीएपी और एनपीके जैसे खाद शामिल हैं। इसका मकसद किसानों को सस्ती कीमत पर खाद उपलब्ध कराना है, ताकि खेती की लागत कम हो सके।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों की कीमतों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। इस योजना के तहत कंपनियों को सब्सिडी दी जाएगी, जिससे किसान को सीधे सस्ता खाद मिलेगा। सरकार का दावा है कि इससे खेती को बढ़ावा मिलेगा और उत्पादन में सुधार होगा।

41,534 करोड़ रुपये की सब्सिडी

डीएपी और एनपीके जैसे खाद शामिल

किसानों को सस्ती दर पर उर्वरक

खेती की लागत में कमी

उत्पादन बढ़ाने में मदद

एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना

एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी देश के सबसे बड़े ऊर्जा परियोजना में से एक है। इसकी लागत बढ़ाकर 79,459 करोड़ रुपये कर दी गई है। यह परियोजना राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में बन रहा है और इसमें पेट्रोल, डीजल के साथ कई पेट्रोकेमिकल उत्पाद तैयार होंगे।

## नांदेड़ में हत्याओं से खौफ का माहौलः शिवसेना MLC ने जताई चिंता, कहा- जांच करने पर मिल जाएंगी 200 अवैध पिस्तौल

**एजेंसी समाचार**

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर में हाल के दिनों में हत्या की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इसको लेकर शिवसेना



के विधान पार्षद (एमएलसी) हेमंत पाटिल ने बुधवार को चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि इलाके में कानून व्यवस्था कमजोर हो गई है। अवैध हथियारों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि शहर में जबरन वसूली भी काफी बढ़ गई है। लोगों से डराकर पैसे लिए जा रहे हैं। आम लोग सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। पाटिल ने कहा, अगर ठीक से जांच की जाए तो नांदेड़ में 1500 से 2000 तक अवैध पिस्तौल मिल सकती हैं। यह लोगों को कानून का कोई डर नहीं है, जिससे अपराध बढ़ रहे हैं।

**हाल में क्या घटनाएं हुईं ?**

शिवसेना एमएलसी का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब सोमवार को शिवसेना के एक 35 साल के कार्यकर्ता की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इसके अलावा, दो गिरोहों के बीच झगड़े में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, वजीराबाद थाना क्षेत्र में भी एक व्यक्ति चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

'पड़ोसी राज्यों में आसानी से भाग जाते हैं आरोपी'

पाटिल ने कहा, नांदेड़ तेलंगाना और कर्नाटक की सीमा के पास है। अपराध करने के बाद आरोपी आसानी से इन राज्यों में भाग जाते हैं, जिससे उन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा, पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। उनसे जबरन पैसे लिए जाते हैं। उनके लैपटॉप और मोबाइल फोन छीन लिए जाते हैं। उनके साथ मारपीट की जाती है।

# प्रदेश में शुरू हुई जनगणना की तैयारी, 16 अप्रैल से कर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण; 7 मई से खुलेगा पोर्टल

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में जनगणना-




2027 के पहले चरण की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल तक करीब 5.5 लाख प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का सत्यापित डिजिटल डाटाबेस तैयार कर लिया जाए। लोगों को जागरूक भी करें और तय समय में तैयारी पूरी करें। किसी तरह की कोई खामी न रहे। इसके साथ ही 16 अप्रैल से 7 मई के बीच सभी कर्मियों का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पूरा करने के निर्देश दिए। घनी आबादी, शहरी और झुग्गी क्षेत्रों में सटीक गणना सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा है। उन्होंने बताया कि जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। आम नागरिकों के लिए स्व-गणना पोर्टल 7 से 21 मई तक उपलब्ध रहेगा, जिससे लोग खुद अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएं, जिससे लोगों को इसकी जानकारी हो। महारजिस्ट्रार मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश के विकास की दिशा तय करते हैं, इसलिए इसे जन-अभियान के रूप में संचालित करना जरूरी है। जनगणना 2027 में हाउस लिस्टिंग का काम 22 मई से शुरू होगा। उसको लेकर बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में फील्ड ट्रेनर्स के लिए एक रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नगर के वह कर्मचारी-अधिकारी भी शामिल हुए जिनको जनगणना के कार्य में लगाया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।